तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 24 सितंबर 2025

16 आदर्श नगर दुर्गा पंडाल में माता के नौ स्वरूपों...

15 महंगाई पर जीएसटी का मरहम, पैरासिटामोल...


# बीएड की 400 सीटें ऐसी, जिसके लिए एक भी दावेदार नहीं, ये सभी आउटर के निजी कॉलेजों की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

बीएड-डीएलएड काउंसिलिंग के प्रथम चरण की शुरुआत हो चुकी है। प्रथम चरण के अंतर्गत तीन मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। प्रथम चरण की पहली मेरिट लिस्ट जारी हो चुकी है और दूसरी मेरिट लिस्ट जारी करने के बाद रिक्त सीटों की जानकारी आज साझा की जाएगी। इस बार प्रदेश में बीएड की 400 सीटें ऐसी हैं, जिसके लिए एक भी दावेदार सामने नहीं आए हैं। बीएड व डीएलएड पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा की जाती है। छात्रों को पंजीयन के दौरान अपने पसंदीदा महाविद्यालयों का चयन करना होता है। इसके आधार पर ही छात्रों को सीटें मिलती हैं। प्रथम चरण के लिए पंजीयन जब 29 अगस्त से प्रारंभ हुए तो उस दौरान 400 सीटें ऐसी रहीं, जिसका चुनाव किसी भी विद्यार्थी ने विकल्प के रूप में नहीं किया। ये सभी 400 सीटें निजी महाविद्यालयों की हैं। सूत्रों के अनुसार, इनमें से लगभग 50 फीसदी सीटें आउटर में स्थित महाविद्यालयों की हैं। इनका चयन दूरी के कारण छात्रों ने नहीं किया। शेष 50 प्रतिशत सीटें दुर्ग-भिलाई के कॉलेजों की हैं। प्रदेश में सर्वाधिक बीएड महाविद्यालय दुर्ग-भिलाई में ही हैं। इस कारण यहां सीटों के लिए विशेष रूझान नहीं दिख रहा है।

## शिक्षक पात्रता नियमों के बाद घटा बीएड का क्रेज, ऐसी स्थिति पहली बार

### बीएड की 32% सीटों पर ही प्रवेश

आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में बीएड की 14 हजार 550 सीटें हैं। इसी तरह से डीएलएड की 6 हजार 610 सीटें हैं। बीए-बीएड व बीएससी-बीएड की मात्र 250 सीटें हैं। काउंसिलिंग के पहले राउंड में बीएड की 32%, डीएलएड की 35% और बीएबीएड-बीएससी बीएड की 28% सीटों पर ही प्रवेश हुए हैं। प्रथम चरण की पहली सूची 11 सितंबर को जारी की गई थी। छात्रों को 15 सितंबर तक का समय दिया गया था। 16 सितंबर को रिक्त सीटों की जानकारी साझा करते हुए दूसरी लिस्ट की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इनमें जिन छात्रों के नाम थे, उन्हें 22 सितंबर तक कॉलेजों में एडमिशन का वक्त दिया गया था। रिक्त सीटों की जानकारी 23 सितंबर को जारी होनी थी, लेकिन देर शाम तक यह सूची एससीईआरटी द्वारा साझा नहीं की जा सकी है। ऐसे में बुधवार को रिक्त सीटों की जानकारी साझा कर तीसरी सूची के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।



■ प्रदेश में बीएड की 14 हजार 550 और डीएलएड की 6 हजार 610 सीटें

### डीएलएड की स्थिति सुधरी

बीते सत्र में न्यायालय द्वारा आदेश देते हुए कहा गया था कि प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए केवल डीएलएड उपाधिधारक ही पात्र होंगे। इसके बाद बीएड की तुलना में डीएलएड के लिए मांग बढ़ी है। वहीं युक्तियुक्तरण तथा स्कूलों में शिक्षकों के नवीन पद सृजित नहीं होने के कारण भी छात्रों का रूझान घटा है। दूसरी ओर, निजी शिक्षा महाविद्यालय संघ के संयोजक राजीव गुप्ता का कहना है कि सीटें नहीं भरने से महाविद्यालयों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है और उन्हें बंद करने की भी स्थिति निर्मित हो जाती है। वर्तमान हालात को देखते हुए बीएड में एक हजार से अधिक सीटें रिक्त रहने के आसार हैं।

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## दर्जनभर एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा, दिन की तुलना में रात के समय अधिक भीड़

# डोंगरगढ़ की ट्रेनों की बोगियां ठसाठस, रोज बुक हो रहे हजारों टिकट, वंदेभारत भी पैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नवरात्रि पर मां बम्लेश्वरी के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पहले दिन से ही बड़ी संख्या में लोग रोजाना डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए दर्जन से अधिक ट्रेनों का परिचालन दिनभर में डोंगरगढ़ के लिए किया है। इसके बावजूद भीड़ कम नहीं हो रही है। आलम ये है कि ट्रेन से डोंगरगढ़ जाने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। माता के दर्शन के लिए भीड़ में धक्के खाते हुए लोग सफर करने को मजबूर हैं। स्टेशन पर सुबह 7 से रात 9 बजे तक हर एक से दो घंटे के बीच यात्रियों को डोंगरगढ़ के लिए ट्रेन की सुविधा मिल रही है।

हरिभूमि ने मंगलवार को लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों का जायजा लिया। जल्दी पहुंचने के लिए ज्यादातर यात्री लोकल के बजाय एक्सप्रेस से डोंगरगढ़ जाना चाहते हैं। इस वजह से जिन ट्रेनों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ दिया गया है, उनमें इन दिनों भारी भीड़ है।

### खास बातें

- मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने ट्रेन से लेकर मंदिर तक आस्था का मेला
- वंदे भारत में भी डोंगरगढ़ के लिए वेटिंग शुरू, एक्सप्रेस में नहीं मिल रही कन्फर्म सीट



### ट्रेनों में वेटिंग 80 से 100 के बीच

*पंचमी में ट्रेनों में सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली। मंगलवार को हजार की संख्या में यात्री दर्जन लोकल व एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। डोंगरगढ़ से भी वापसी में यात्रियों को भारी भीड़ का सामना करना पड़ रहा है। रायपुर से डोंगरगढ़ जाने एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री कंफर्म सीट के लिए रिजर्वेशन करा रहे हैं, लेकिन ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग 80 से 100 के बीच है। वंदे भारत में नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ जाने के लिए काफी यात्री मिल रहे हैं। 500 से अधिक सीटों में रोजाना बुकिंग देखने को मिल रही है।*

### दूसरे दिन से ट्रेनों में ठसाठस भीड़

नवरात्रि के दूसरे दिन से ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। हावड़ा रूट की ट्रेनों में बिलासपुर की ओर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया, वहीं नागपुर रूट की ट्रेनों में डोंगरगढ़ जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दिन के समय लोकल ट्रेनों में भीड़ सामान्य है, लेकिन रात में अधिक है। पंचमी से यह भीड़ और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। वंदेभारत एक्सप्रेस में भी वेटिंग शुरू हो चुकी है। यात्री डोंगरगढ़ के लिए अब पहले से टिकट खरीद रहे हैं।

### स्टेशनों में बढ़ाई गई सुविधाएं

रायपुर व आसपास के स्टेशनों से बड़ी संख्या में हर दिन लोग माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। ऐसे में रायपुर से आने-जाने वाली ट्रेनों में देवी दर्शन करने वालों की भीड़ दोगुना से ज्यादा बढ़ गई है। इसे देखते हुए स्टेशन में अलग शिफ्टों में सुरक्षा जवानों को प्लेटफार्म और स्टेशन परिसर में तैनात किया गया है। डोंगरगढ़ मेले के दौरान रायपुर स्टेशन में सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। स्टेशनों में मेले के दौरान यात्रियों के लिए आकस्मिक चिकित्सा के लिए बॉक्स, डॉक्टर, ड्रेसर, एम्बुलेंस, व्हील चेयर, स्ट्रेचर आदि की व्यवस्था भी की गई है।

### पूजा स्पेशल की सुविधा

*नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व पर पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन (06883/06884) का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 06884 पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन कोरबा से प्रतिदिन 25 सितम्बर से 03 अक्टूबर तक प्रातः 05.30 बजे प्रस्थान कर दोपहर 14.21 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06883 पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से प्रतिदिन 25 सितम्बर से 03 अक्टूबर 2025 तक प्रातः 05.00 बजे प्रस्थान कर 09.50 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी।*

# आंबेडकर अस्पताल में विदेशी युवक की मौत, तीन दिन से चल रहा था इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राजधानी रायपुर के शासकीय आंबेडकर अस्पताल में मंगलवार को एक विदेशी युवक की मौत हो गई। मृतक साउथ अफ्रीका के एस्ताविनी देश का रहने वाला था, जो रायपुर एक निजी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने के लिए आया था, लेकिन यहां पहुंचने के बाद उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे एम्बेसी के निर्देश पर यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने अस्पताल में दाखिल कराया था, जहां तीन दिन तक उसका इलाज भी चला, लेकिन चौथे दिन उसकी मृत्यु हो गई। विदेशी युवक की मौत कैसे हुई, यह अभी रहस्य बना हुआ है, क्योंकि पुलिस अभी तक मौत का कारण पता नहीं कर पाई है।

■ पुलिस ने कहा- मानसिक रोग से पीड़ित था मृतक, कैसे मौत हुई यह पीएम रिपोर्ट में होगा खुलासा

### दिल्ली एंबेसी को दी गई सूचना

थाना प्रभारी ने बताया कि विदेशी युवक की मौत की सूचना दिल्ली एंबेसी तथा उनके माध्यम से मृतक के परिजनों तक पहुंचा दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव को दिल्ली भेजा जा रहा है, जहां एंबेसी के माध्यम से शव को उसके परिजनों को सौंपा जाएगा। ऐसी भी जानकारी सामने आई है कि भारत आने के बाद मृतक का मुंबई एयरपोर्ट पर बैग चोरी हो गया था। उस बैग में उसकी मानसिक बीमारी की दवाइयां थीं। इन दवाइयों का सेवन वह हर दिन करता था, लेकिन दवाइयां नहीं मिलने के कारण उसकी बीमारी बढ़ने लगी थी, जिससे वह मानसिक रोगी की हरकतें करने भी लगा था जिसका विडियो भी वायरल हुआ है।

### मृतक सेनजेलवे सिसोनके 20 सितंबर को पहुंचा था रायपुर

देवेंद्र नगर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक सेनजेलवे सिसोनके निकमबुले 22 वर्ष साउथ अफ्रीका के एस्वातिनी का रहने वाला था। सेनजेलवे 20 सितंबर को मुंबई से रायपुर फ्लाइट से पहुंचा था। वह यहां एक निजी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने के लिए आया था, लेकिन यहां पहुंचने के बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने एंबेसी के निर्देश पर उसे आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया था, तब से उसका अस्पताल में इलाज चल रहा था।

## खबर संक्षेप

### प्रतिबंधित नशीली सीरप के प्रकरण में मेडिकल संचालक-सहसंचालक गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली सीरप के प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक सूजा कुरैशी उर्फ सन्नी 36 वर्ष न्यू आदर्श नगर थाना पद्मनाभपुर दुर्ग एवं दूसरा उदित शर्मा 51 वर्ष निवासी स्मृति नगर सुपेला का रहने वाला है। दोनों अधिराज मेडिकल के संचालक एवं सह संचालक हैं। दोनों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि मेडिकल लाइसेंस का इस्तेमाल कर वे विगत तीन वर्षों से नशीली सीरप का व्यवसाय अवैध रूप से कर रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में पूर्व में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 100 एमएल की प्रतिबंधित नशीली सीरप टस्कोरेक्स की 100 शीशी जब्त की थी। पुलिस ने इस प्रकरण में फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेजेस के आधार पर उनके अन्य दो साथियों को गिरफ्तार किया है।

## धरना प्रदर्शन, रैली जुलूस व पंडाल की अनुमति के लिए लगेगा आयोजन शुल्क

# एमआईसी की बैठक में 22 एजेंडे, 20 पर मुहर, अब सात दिनों में नामांतरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के महात्मा गांधी सदन में मंगलवार को एमआईसी की बैठक महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में दोपहर 2 बजे से आयोजित हुई। ढाई घंटे तक चली इस बैठक में विचार के लिए 22 एजेंडे रखे गये। चर्चा के बाद 20 प्रस्तावों पर एमआईसी में मंजूरी दी गई, जबकि शहर की एकीकृत सफाई व्यवस्था संबंधी प्रस्ताव और सब इंजीनियर के पदोन्नति संबंधी प्रकरण वाले एजेंडे को चर्चा के लिए लंबित रखा गया है।

गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में आयोजित बैठक में महापौर मीनल चौबे की परिषद ने 1 नवंबर 2004 से 1 अगस्त 2025 के बीच नियुक्त नगर निगम के कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना जीपीएफ में ▶▶ शेष पेज 15 पर

### नामांतरण की समय सीमा घटाई

महापौर मीनल चौबे ने आम आदमी को राहत देते हुए नामांतरण प्रक्रिया का सरलीकरण कर इसकी समय सीमा घटाई है। आमतौर पर निगम से संपत्ति नामांतरण कराने वाले आवेदक को एक माह तक इसके लिए इंतजार करना पड़ता है। इससे लोगों को काफी परेशानी होती है। इस असुविधा को ध्यान में रखते हुए नामांतरण की समय सीमा 7 दिन निर्धारित की गई है। साथ ही नामांतरण आवेदकों से लिये जा रहे ▶▶ शेष पेज 15 पर

### तालाब की सफाई के लिए खरीदी जाएगी मशीन

शहर के तालाबों को स्वच्छ रखने और जलकुंभी की समस्या का समय रहते समाधान करने नगर निगम का स्वच्छता विभाग एक्वेटिव वीड हार्वेस्टर मशीन क्रय करेगा। वहीं शहर में मच्छरों की समस्या से आम आदमी को राहत दिलाने नई फागिंग मशीन खरीदी जायेगी। मच्छर उन्मूलन और फागिंग कार्य के लिए इन मशीनों का उपयोग आने वाले दिनों में किया जा सकेगा। शहर में आवारा कुत्तों की धरपकड़ के लिए डॉग स्कवॉड वाहन की खरीदी होगी। शहर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए 10 लीटर क्षमता के नये डस्टबिन खरीदने संबंधी प्रस्ताव पर एमआईसी में मुहर लगाई गई है।

## बंगाल की खाड़ी में बड़ी हलचल, बारिश के आसार

# छाए रहे बादल, मौसम में आज से बदलाव की संभावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बंगाल की खाड़ी में हलचल बढ़ने की वजह से दिनभर हल्के बादल छाए रहे। बुधवार से मौसम में बदलाव की संभावना बन रही और दक्षिण के साथ मध्य छत्तीसगढ़ में भी बारिश की संभावना बन रही है। अभी दिन में गर्मी महसूस हो रही है, मगर देर रात के बाद थोड़ी ठंडकता आ गई है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 24.6 और अधिकतम 34 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम बदलने का प्रभाव अगले तीन दिनों तक रह सकता है। इस अवधि में बस्तर संभाग के साथ रायपुर, दुर्ग संभाग के कई शहरों में भारी से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम में बदलाव का थोड़ा प्रभाव हल्के बादल के रूप में नजर आए। इसकी वजह से उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिली। पिछले चौबीस घंटे में मैनपुर में सर्वाधिक 6 सेमी. बारिश हुई, वहीं अन्य इलाके में 1 से 5 सेमी. तक पानी बरसा। अभी वातावरण में नमी पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। मानसून की प्रदेश से विदाई का समय जब नजदीक आएगा, तब शुष्कता बढ़ती जाएगी। हालांकि अभी प्रदेश से मानसून की रवानगी शुरू होने में वक्त लगने की संभावना है।

## अनुमति विपरीत निर्माण, डीडीनगर इलाके का मामला

# 2 मंजिल का भवन बनाने अनुमति, 3 मंजिला बना दिया, अनुमति विपरीत निर्माण ढहाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम जोन 5 कमिश्नरी ने मंगवालर को डीडीनगर इलाके में एक सरकारी अधिकारी द्वारा अनुमति विपरीत किये गये निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की। जोन 5 कमिश्नरी खीरसागर नायक के मुताबिक निर्माणकर्ता को निगम से अनुमति विपरीत निर्माण हटाने निगम से 3 बार नोटिस दिया गया, इसके बाद भी उसने अवैध निर्माण नहीं हटाया। मंगलवार को निगम मुख्यालय उड़नदस्ता और जोन 5 की संयुक्त टीम ने क्रशर मशीन और मजदूरों की सहायता से अनुमति विपरीत निर्माण तोड़ने अभियान चलाया। दरअसल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में एक सरकारी अधिकारी द्वारा डीडीनगर में 2 मंजिला मकान बनाने की अनुमति नगर निगम लेकर अनुमति विपरीत 3 मंजिला पक्का निर्माण करा लिया गया। यही नहीं, सामने वाले हिस्से में बाजू से 5 फीट अवैध निर्माण धड़ल्ले से करवा लिया। जोन 5 कमिश्नरी ने संबंधित निर्माणकर्ता को अनुमति विपरीत निर्माण खुद होकर हटाने पूर्व में समझाइश भी दी, पर इसका कोई असर उन पर नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक 7 हजार वर्गफीट जमीन पर पक्का बहुमंजिला निर्माण में स्वीकृति विपरीत निर्माण होने पर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर मंगलवार को जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक के नेतृत्व में जोन 5 नगर निवेश टीम और निगम मुख्यालय की टीम ने स्थल पर पहुंचकर तोड़फोड़ की कार्रवाई की ।

■ सुबह 11 से दोपहर बजे 2 :30 तक चली तोड़फोड़ की कार्रवाई

### सामने का हिस्सा और बाजू वाले हिस्से में तोड़फोड़ के लिए क्रशर मशीन

*नगर निगम का अमला डीडीनगर में जिस पक्के और स्वीकृति विपरीत निर्माण को तोड़ने पहुंचा, वह निर्माण काफी मजबूत रहा। छेनी हथौड़े से इसे तोड़ने गये मजदूर इसे तोड़ नहीं पाये। निगम ने 2 क्रशर मशीन सामने वाले हिस्से और बाजू के हिस्से में नियम विपरीत निर्माण को तोड़ने लगाई, काफी मशक्कत के बाद कुछ हिस्सा ही इसमें टूट पाया, क्योंकि इस बीच एक क्रशर मशीन खराब हो गई। तोड़फोड़ का काम सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 तक निरंतर चलता रहा। इस अभियान में जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेश रामटेके,उप अभियंता टिकेंद्र चंद्राकर सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी की उपस्थिति रही।*

# शराब घोटाला में फंसे 28 आबकारी अफसरों को एक एक लाख का पट्टा जमा करने पर मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला में फंसे प्रदेश के 28 निलंबित आबकारी अफसरों को सुप्रीम कोर्ट से सशर्त मिली अग्रिम जमानत के बाद मंगलवार को ईओडब्ल्यू रायपुर कोर्ट से भी जमानत ▶▶ शेष पेज 15 पर



### अफसरों पर सिंडिकेट की हिस्सेदारी का आरोप

ईओडब्ल्यू ने शराब घोटाला मामले की जांच में आबकारी विभाग के 28 अफसरों को भी सिंडिकेट का हिस्सेदार बताया है। ईओडब्ल्यू का आरोप है कि ▶▶ शेष पेज 15 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### पिपरहट्टा में चला स्वच्छता अभियान

**आरंग।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत ग्राम पिपरट्टा में रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत मंदिर हसोद मंडल के अंतर्गत ग्राम पिपरहट्टा बूथ क्र 151 में बूथ अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में शीतला मंदिर के आंतरिक एवं प्रांगण में तथा कर्मा माता मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से मंदिरहसोद मंडल के उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सिंह ठाकुर, श्रवण साहू, खेलू वर्मा, न्यूतन साहू, कृष्णा ठाकुर, युवराज वर्मा, रूपेंद्र सिंह ठाकुर, खिलेश्वर वर्मा, उमेंद्र साहू एवं वेदराम साहू उपस्थित रहे।

### साहू समाज आरंग का चुनाव संपन्न



**आरंग।** नगर साहू समाज आरंग परिक्षेत्र का त्रयवार्षिक चुनाव शांति पूर्वक साहू छात्रावास आरंग में सम्पन्न हुआ। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष अविनाश विक्की साहू, उपाध्यक्ष उपेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष (महिला) राजेश्वरी साहू, संगठन सचिव विजय साहू, संगठन सचिव (महिला) अनिता सुनील साहू निर्वाचित हुए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के सभी पूर्व पदाधिकारी, पार प्रमुख एवं वरिष्ठ सामाजिक व्यक्तियों द्वारा बधाई दी गई।

### आरंग कॉलेज में आर्थिक परिषद् का गठन

**आरंग।** बद्री प्रसाद लोधी शासकीय महाविद्यालय आरंग में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आर्थिक परिषद् का गठन किया गया। अर्थशास्त्र परिषद् में अध्यक्ष निकिता चंद्राकर एवं उपाध्यक्ष मधु अजगरा, सचिव चिरंजीव साहू, सहसचिव निकिता माण्डले निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अभया रा. जोगलेकर एवं अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वत्सला मिश्रा तथा सहायक प्राध्यापक डॉ उपेंद्र कुमार साहू उपस्थित रहे।

### स्टील प्लांट की मनमानी से ग्रामीणों में बढ़ी चिंता

**सिलयारी।** कुथरेल स्थित स्टील प्लांट के द्वारा किए जा रहे मनमानी कार्यों के कारण स्थानीय ग्रामीणों में भारी नाराजगी और चिंता का माहौल है। प्लांट से निकलने वाले केमिकल युक्त पानी का निस्तारण तालाब में किया जा रहा है, जिससे खलबोरा तालाब का पानी प्रदूषित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रदूषण के कारण न केवल उनके जल स्त्रोत प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि इसके स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्लांट प्रबंधन स्थानीय पर्यावरण और जन स्वास्थ्य की अनदेखी कर रहा है। स्थानीय निवासी ने कहा की हमारे गांव के आसपास के जल स्त्रोत अब सुरक्षित नहीं रहे। हमें डर है कि यह पानी हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है।
इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए, तो वे विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। इस बीच, संभव स्टील प्लांट प्रबंधन ने इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी आवाज उठाते रहेंगे ताकि उनके अधिकारों की रक्षा हो सके और पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके।

## निधन

### नंद कुंवर दीवान

**अभनपुर।** ग्राम धुसेरा निवासी नंद कुंवर दीवान उम्र 98 का निधन 22 सितम्बर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 सितम्बर बुधवार स्थानीय मुक्तिधाम धुसेरा मे किया गया। वे अशोकधर दीवान की माता व राजा दीवान, गोलू दीवान की दादी थी।

# पलौद में दुर्गा उत्सव, 13 स्थानों पर प्रतिमाएं और 5 मंदिरों में जंवारा स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

ग्राम पलौद में इस साल दुर्गा उत्सव बड़े ही उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ मनाया जा रहा है। नवनीत नवदुर्गा उत्सव समिति ने बाजार चौक में माता रानी की नौ प्रतिमाएं स्थापित की हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। समिति द्वारा नवरात्रि के अवसर पर 26 सितंबर से भव्य रामलीला का आयोजन किया जाएगा। इसमें भगवान राम के जीवन प्रसंगों का मंचन झांकियों और धार्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से होगा। 2 अक्टूबर को विजयादशमी पर, हजारों श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की उपस्थिति में रावण दहन का भव्य कार्यक्रम भी रखा गया है। इस साल, पलौद गांव में कुल 13 स्थानों पर माता रानी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, गांव के 5 प्रमुख मंदिरों में जगजवारा भी स्थापित हुआ है, जहां शाम से ही देवी की महाआरती और भजन-कीर्तन शुरू हो जाते हैं। गांव के हर मोहल्ले और चौक-चौराहों पर की गई सजावट और आकर्षक पंडालों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया है।

## बाजार चौक में माता रानी की नौ प्रतिमाएं स्थापित

### सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक

नवनीत नवदुर्गा उत्सव समिति के अनुसार, यह महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक भी है। इस आयोजन में सभी समुदायों और आयु वर्ग के लोग मिलकर हिस्सा लेते हैं और इसे सफल बनाते हैं। इस समय, पलौद गांव पूरी तरह से भक्ति के रंग में डूबा हुआ है, जहां माता रानी के जयकारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज सुनाई दे रही है।



## अटल विहार कालोनी में निकली कलश यात्रा



**आरंग।** अटल विहार कालोनी आरंग में सार्वजनिक नव दुर्गा महिला उत्सव समिति द्वारा नवरात्र पर्व में रविवार को कलश यात्रा के साथ मां दुर्गा की मूर्ति का स्वागत करते हुए पूरे कालोनी का भ्रमण किया। तत्पश्चात माता को विराजमान स्थान तक लाया गया। जिसमें सार्वजनिक नव दुर्गा महिला उत्सव समिति, अटल विहार विकास समिति सहित कालोनी निवासी शामिल हुए। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष तृप्ति शर्मा ने माता रानी की जयकारा लगाते हुए नारी शक्ति का भी जयकारा लगाया। महिलाओं की इस पहल की सराहना करते हुए कालोनी के अध्यक्ष संजय चन्द्राकर ने नवरात्र पर्व शांतिमय एवं खुशहाल पुर्वक मनाने की संदेश दिया।

## समस्या : तीसरे व चौथे दौर की दवा डालने को किसान मजबूर

# लखौली क्षेत्र में भूरा माहू के प्रकोप से किसान बेहाल, फसल पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

लखौली और आसपास के गांवों में किसान इन दिनों भूरा माहू कीट के प्रकोप से परेशान हैं। लगातार महंगी दवाइयां छिड़कने के बाद भी यह कीट नियंत्रण में नहीं आ रहा है, जिससे किसानों की लागत बढ़ती जा रही है और उनकी मेहनत पर पानी फिरने का डर सता रहा है। किसानों ने बताया कि वे पहले ही खरपतवार, खाद और पानी की समस्या से जूझ चुके हैं, और अब भूरा माहू ने उनकी नींद उड़ा दी है। ग्राम कुकरा के किसान जगत राम साहू ने बताया कि उन्होंने 9 एकड़ खेत में अब तक 60 हजार रुपये की दवा का छिड़काव किया है, लेकिन कीट पूरी तरह खत्म नहीं हुए हैं। वहीं, विष्णु साहू ने कहा कि वे दुकानों से महंगी दवाएं खरीद रहे हैं, लेकिन कोई खास असर नहीं दिख रहा है। द्वारिका साहू ने बताया कि उन्होंने 3 एकड़ के लिए 15 हजार रुपये का कर्ज लेकर दवा खरीदी है, लेकिन बीमारी को देखकर उनका दिमाग काम नहीं कर रहा है। किसान कली राम साहू की 50 डिसमिल की हरी-भरी फसल को भूरा माहू चट कर गया है, जिससे वहां हंसिया चलाने की भी जरूरत नहीं बची। हीरा लाल साहू ने 7 एकड़ में 26 हजार रुपये की दवा छिड़कने के बाद अब चौथे राउंड में फिर से छिड़काव की तैयारी कर रहे हैं।

- खरपतवार, खाद और पानी की समस्या के बाद अब भूरा माहू का प्रकोप




### कृषि विभाग से मार्गदर्शन की कमी

किसानों का आरोप है कि ग्रामीण कृषि अधिकारियों के अलावा विभाग के उच्च अधिकारी गांवों में नहीं आ रहे हैं, जिससे उन्हें सही मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है। वे सिर्फ दुकानदारों की सलाह पर दवाएं खरीद रहे हैं, जो कारगर साबित नहीं हो रही हैं। कुकरा, रीवा, लखौली, गुजरा, संडी, नारा, भानसोज, डीघारी और रसनी जैसे एक दर्जन से ज्यादा गांवों में यही हाल है। किसानों ने सरकार से मांग की है कि कृषि विभाग के विशेषज्ञ जल्द से जल्द इन गांवों का दौरा करें, हालात का जायजा लें और किसानों को सही और सस्ती दवाइयों के बारे में जानकारी दें, ताकि उनकी बर्बाद होती फसल को बचाया जा सके।

# टायर वर्कशॉप में लगी भीषण आग, लाखों रुपए का नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदिर हसौद



मंदिर हसौद टोल नाका के पास रिंग रोड नंबर 3 पर स्थित एजाज टायर वर्कशॉप में मंगलवार दोपहर 12 बजे अचानक आग लगने से सैकड़ों टायर जलकर राख हो गए। आग इतनी भीषण थी कि आसमान में चारों तरफ काले धुएं के गुब्बारे उड़ने लगे, जिन्हें दूर से देखा जा सकता था। आग की खबर मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। तत्काल इसकी सूचना मंदिर हसौद पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। आग पर काबू पाने के लिए मोनेट स्टील प्लांट, जिंदल स्टील प्लांट और रायपुर से चार दमकल की गाड़ियों को बुलाया गया। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की टीमों ने आग पर काबू पाया। दुकान के संचालक एजाज अली ने बताया कि दुकान के पीछे स्थित गोदाम में करीब 300 स्क्रैप टायर रखे हुए थे। उन्होंने बताया कि जब कर्मचारी काम कर रहे थे, तभी टायरों के जलने की बदबू आई। पीछे जाकर देखा तो टायरों में आग लग चुकी थी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। फिलहाल, आग लगने के सही कारण का पता नहीं चल पाया है, लेकिन इस घटना से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

# ग्राम लखौली के मां खल्लारी मंदिर में 112 ज्योत प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग





नवरात्र के पावन पर्व पर श्रद्धा और भक्ति का विशेष आयोजन ग्राम लखौली स्थित डुमहा तालाब के समीप मा खल्लारी मंदिर में किया गया। मंदिर प्रांगण में भक्तों ने परंपरा अनुसार 112 अखंड ज्योत प्रज्वलित कर माता रानी से सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की।

मंदिर परिसर में शाम से ही भक्तों का आना-जाना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और जयकारों के बीच माता रानी की आराधना कर आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति ने सजावट और दीपमालिका से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। माँ खल्लारी के दरबार में नवरात्र पर्व पर विशेष पूजन-अर्चन के साथ रोजाना संध्या आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 112 दीप प्रज्वलन से मंदिर परिसर दीपों की आभा से आलोकित हो उठा, जिसे देखकर भक्तजन भाव-विभोर हो रहे है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा बल्कि समाज में सामूहिक श्रद्धा और उत्साह का भी उदाहरण बना।

# झेरिया साहू समाज के डॉ. गोविंद बने अध्यक्ष

**चंदखुरी।** झेरिया साहू समाज के भानसोज परिक्षेत्र का बहुप्रतीक्षित चुनाव आज साहू समाज भवन, ग्राम भानसोज में पूर्ण उत्साह और एकजुटता के साथ संपन्न हुआ। इस चुनाव में समाज के सदस्यों ने भारी संख्या में भाग लेकर अपने मताधिकार का उपयोग किया और नए नेतृत्व का चयन किया। अध्यक्ष डॉ. गोविंद साहू (अकोली खुर्द) पूर्व जनपद सदस्य सभापति ने भारी मतों से जीत हासिल कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया।उपाध्यक्ष तुलसी साहू (अमेरी),उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। संगठन सचिव डॉ. खेमन साहू (संकरी) ने भी मजबूत समर्थन के साथ संगठन सचिव का पद हासिल किया। इसी कड़ी में महिला उपाध्यक्ष पार्वती साहू -बरछा, महिला संयुक्त सचिव साधना साहू-फरफौद ने जीत हासिल किया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी रही, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। झेरिया साहू समाज, जो छत्तीसगढ़ के तेली वैश्य समुदाय की एक प्रमुख शाखा है, लंबे समय से सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय है।

यह चुनाव समाज के विकास और संगठन को और मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। चुनाव के बाद समाज के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी और उनके नेतृत्व में सामुदायिक उत्थान की नई उम्मीदें जताईं। डॉ. गोविंद साहू ने अपनी जीत के बाद कहा की यह जीत समाज की एकता और विश्वास की जीत है। हम शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। उपाध्यक्ष तुलसी साहू और संगठन सचिव डॉ. खेमन साहू ने भी समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# वर्षों से प्रताड़ित कृषि अधिकारियों का फूटा आक्रोश, प्रदेशभर में किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा



छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन पर है। इसी कड़ी में, 23 सितंबर को राज्यभर के कृषि अधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर जिला स्तर पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री को कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संघ के महामंत्री मोहित जैन ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का वेतनमान बढ़ाकर 4300 ग्रेड पे करना, उनके कार्यक्षेत्र का फिर से निर्धारण करना, मासिक यात्रा भत्ते में वृद्धि करना, और पदनाम को बदलकर 'कृषि विस्तार अधिकारी' करना शामिल है। इसके अलावा, उन्होंने गैर-विभागीय कार्यों में ड्यूटी नहीं लगाने, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को तुरंत शुरू करने, और अतिरिक्त प्रभार पर सम्मानजनक भत्ता देने की भी मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष लिखेश वर्मा ने बताया कि संचालक कृषि महोदय से उनकी मांगों पर चर्चा हुई है और उन्होंने 7 मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इस आंदोलन को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने भी समर्थन दिया। इसके साथ ही, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी संघ के अध्यक्ष उपेंद्र नाग, छत्तीसगढ़ कैशलेस चिकित्सा कर्मचारी कल्याण संघ के संरक्षक राकेश सिंह, और पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रांतीय सचिव विजय कोचंद्र ने भी मंच से कृषि अधिकारियों के आंदोलन का समर्थन किया, जिससे सदस्यों में जोश का संचार हुआ। इस दौरान, रायपुर में हुए प्रदर्शन में संघ के प्रांतीय अध्यक्ष और महामंत्री के साथ-साथ सीएम तिवारी, वर्षा साहू, भारती वर्मा, टूमेश देशलहरे, ओमप्रकाश महाले समेत सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

### भानसोज में गरिमा व स्वर्णा दिवाकर की प्रस्तुति आज

**आरंग।** ग्राम भानसोज के मंडी मैदान में नवयुवक दुर्गोत्सव समिति बस स्टैंड के तत्वाधान में 24 सितंबर की रात 10 बजे भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है, कार्यक्रम में अंजोर कला मंच की गरिमा–स्वर्णा दिवाकर ग्रुप की रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजक समिति के संरक्षक व उपसरपंच संजीव चंद्राकर ने बताया है कि गांव व आसपास के क्षेत्र में लगातार प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया व अन्य माध्यम से किया गया है ताकि अधिक से अधिक लोग इस भव्य आयोजन का आनंद ले सकें। समिति को अनुमान है कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक शामिल होंगे। अतः भीड़-भाड़ को देखते हुए समिति ने आरंग पुलिस प्रशासन को सूचना देकर आवश्यक पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराने का आग्रह भी किया है। तथा आयोजक समिति ने सुरक्षा हेतु स्वयं के खर्च में बाउंसर, वायरलेस, व ड्रोन कैमरा से निगरानी रखने हेतु व्यवस्था किया है।

# अरुंधती स्कूल के तीन विद्यार्थी संभाग स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में चयनित

**आरंग।** अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट स्कूल के तीन विद्यार्थियों का चयन संभाग स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्राचार्य हरीश शर्मा ने बताया कि कक्षा 11वीं विज्ञान से खनक रात्रे, और कक्षा 8वीं से एंजल वर्मा और आद्या अग्रवाल इस प्रतियोगिता में स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह स्कूल के लिए गर्व की बात है। खेल शिक्षिका प्रीति साहू के अनुसार, ये तीनों छात्राएं पिछले वर्षों में भी कराटे में अच्छा प्रदर्शन कर चुकी हैं और खेल गतिविधियों में सक्रिय रही हैं। एसएमडीसी अध्यक्ष खिलेश धुरंधर ने इस उपलब्धि पर बच्चों, स्कूल प्रबंधन और खेल शिक्षिका की सराहना की। उन्होंने बताया कि कराटे के अलावा, इस साल स्कूल के 11 बच्चों का चयन जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। स्कूल के उप-प्राचार्य आकाश विश्वास, एचएम (माध्यमिक) शिनी मैथ्यू और एचएम (प्राथमिक) कनकलता वर्मा सहित सभी स्टाफ ने चयनित बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।



## तामासिवनी में विद्यार्थियों को निःशुल्क प्राणायाम और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

# विद्यार्थियों को प्राणायाम और आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



ग्राम तामासिवनी में नवजीवन मार्शल आर्ट एवं चेतना संस्था, राजिम ने आइसेक्ट कंप्यूटर सेंटर के संचालक योगेश्वर तारक के नेतृत्व में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए एक निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। सरपंच श्याम साहू के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्राणायाम और आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण में शामिल छात्र-छात्राओं ने कहा कि आज के समय में जब कहीं भी सुरक्षा की गारंटी नहीं है, ऐसे में यह प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम से उन्हें अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने और अप्रिय घटनाओं से खुद को बचाने के लिए जरूरी हुनर सीखने को मिले हैं। छात्रों ने नवजीवन मार्शल आर्ट एवं चेतना संस्था, राजिम के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि वे चाहते हैं कि इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने स्वास्थ्य और बेटियों की सुरक्षा को लेकर एक सराहनीय पहल की है। योग और कराटे प्रशिक्षक योगेश्वर कृष्ण तारक ने इस सफल आयोजन के लिए संस्था के सदस्यों खिलावन साहू और मोक्षिका साहू को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में हर गांव में ऐसे कार्यक्रमों की जरूरत है, जिसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों और शासन-प्रशासन को भी सहयोग करना चाहिए ताकि इन आयोजनों को बड़े स्तर पर किया जा सके। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से खुशबू साहू, हिंगलाजनी रेशमा, ममता, भूमिका, मनीषा, दामिनी, लुकेश्वरी, वासिनि, दामिनी, मीनाक्षी, चंचल, मोनिका, खोमेश्वरी, गायत्री, कौशल, सेवेंद्र, नेमीचंद, गणेश्वर, रिषभ, कन्हैया, दुजय, अजय, लाकेश, सागर सहित कई विद्यार्थी मौजूद थे।

# लखौली में रेलवे लाइन के पास की सड़क पर बड़े गड्ढे, ग्रामीण परेशान



**आरंग।** ग्राम लखौली में रेलवे लाइन के किनारे नहर के ऊपर बनी सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि आए दिन साइकिल और बाइक सवार लोग गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस गंभीर समस्या को लेकर सरपंच के साथ मिलकर ग्रामीणों ने रेलवे डीआरएम को लिखित में ज्ञापन भी सौंपा है, लेकिन अभी तक रेलवे प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई या जवाब नहीं मिला है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर इस सड़क की जल्द मरम्मत नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। उनका कहना है कि यह सड़क गांव और स्टेशन को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है, जिसका इस्तेमाल सैकड़ों लोग हर दिन करते हैं। बारिश के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने से यह सड़क और भी खतरनाक हो जाती है। ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन से जल्द से जल्द मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की है।

# जीएसटी में बदलाव को लेकर भाजपा का बड़ा अभियान, विधानसभाओं में होंगे सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार ने जीएसटी को लेकर जो बड़ा बदलाव किया है, उसे लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में अभियान चलाने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के महामंत्री अरुण सिंह को संयोजक बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन को यह जिम्मा सौंपा गया है। हर जिले में भी समिति बनाई गई हैं। सभी विधानसभाओं में बड़े सम्मेलन कराए जाएंगे। लगातार 15 अक्टूबर तक कार्यक्रम होंगे। इसमें जीएसटी के बदलाव से होने वाले फायदे के बारे में आम जनता को बताया जाएगा। व्यापारियों का सम्मेलन में बुलाया जाएगा। राजधानी रायपुर में 28 सितंबर को सम्मेलन होगा, इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश के कुछ मंत्रियों के साथ भाजपा संगठन के पदाधिकारी भी रहेंगे। केंद्र सरकार ने जीएसटी को लेकर जो नया रीफार्म किया है, उसको लेकर अब भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा अभियान एक माह तक चलाने का फैसला किया है। सभी राज्यों में यह अभियान चलेगा। अब राज्य छत्तीसगढ़ में अभियान चलाने के लिए प्रदेश स्तर की समिति में महामंत्री यशवंत जैन को संयोजक नियुक्त किया गया है। इसको लेकर प्रदेश स्तर पर एक कार्यशाला भी हो चुकी है। इसमें शामिल सभी जिलों के संयोजकों को बताया गया है कि क्या करना है। इस समय जिलों में कार्यशालाएं चल रही है, इसी के साथ संभाग स्तर पर भी कार्यक्रम हो रहे हैं।

■ राजधानी में 28 सितंबर को होने वाले सम्मेलन में रहेंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय




### सम्मेलनों में मंत्री, सांसद, विधायक रहेंगे

प्रदेश संयोजक यशवंत जैन ने बताया, शक्ति केंद्रों से लेकर मंडल स्तर पर कार्यक्रम होंगे। जनता के बीच हमारे भाजपा के कार्यकर्ता जाकर बताएंगे कि जीएसटी में बदलाव से उनको क्या लाभ होगा। इसी के साथ हर विधानसभा में सम्मेलन होंगे। इसमें व्यापारियों के साथ बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया जाएगा। सम्मेलनों में प्रदेश के मंत्री, विधायक और सांसद अपने-अपने क्षेत्र के कार्यक्रमों में रहेंगे। राजधानी के सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी चल रही है।

## खबर संक्षेप



### पटना में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आज, महंत, भूपेश और बैज लेंगे हिस्सा

**रायपुर।** बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई गई है। बैठक में हिस्सा लेने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज पटना पहुंच चुके हैं। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक इस बार बिहार की राजधानी पटना में हो रही है, यह विस्तारित बैठक है। 24 सितंबर को होने जा रही इस बैठक में तमाम बड़े नेताओं के साथ कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। बैठक में भाग लेने तीनों नेता अलग-अलग रवाना हुए हैं। डॉ. महंत कल ही दिल्ली पहुंच चुके थे। वे दिल्ली से पटना मंगलवार को पहुंच चुके थे।

### जल संसाधन विभाग के लिए आवेदन प्रारंभ

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जल संसाधन विभाग में प्रमुख अभियंता के रिक्त पदों के लिए आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। 23 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकेंगे। परीक्षा 7 दिसंबर को संभावित है। प्रवेशपत्र एक दिसंबर को जारी होंगे। सभी 16 जिला मुख्यालयों में यह भर्ती परीक्षा आयोजित होगी।

### राजकीय पशु वन भैंसा की संख्या में हो रही वृद्धि

रायपुर। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में राजकीय पशु वन भैंसा के संख्या में वृद्धि हो रही है। राज्य वन्यप्राणी बोर्ड 2017 की बैठक में मानस टाइगर रिजर्व असम से वन भैंसे लाकर छत्तीसगढ़ राज्य में चयनित स्थल बारनवापारा में रखकर संख्या वृद्धि किये जाने संबंधित अनुमति प्राप्त हुई थी। भारत शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा मानस टाइगर रिजर्व से बारनवापारा अभयारण्य लाने की अनुमति प्राप्त हुई थी।



### संगठन सृजन अभियान जिला अध्यक्ष बनाने आब्जर्वर की नियुक्ति

**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी मध्यप्रदेश के बाद अब छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत करने जा रही है। इसे लेकर ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। एमपी के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को ऑब्जर्वर बनाया गया है। वहीं पूर्व विधायक हिना कांवरे को भी जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आदेश में लिखा- कांग्रेस अध्यक्ष ने संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित राज्यों में जिला कांग्रेस अध्यक्षों के चयन के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान कहा था, तीन माह में संगठन का विस्तार किया जाएगा। उसी के तहत आर्ब्जवर की नियुक्ति की गई है।

**इन्हें मिली जिम्मेदारी :** छत्तीसगढ़ के जो 17 आर्ब्जवर बनाए गए हैं, उनमें सप्तगिरि उलका, अजय कुमार लल्लू, सुबोध कांत सहाय, उमंग सिंगार, आरसी खुंटिया, राजेश ठाकुर, विवेक बंसल, नितिन राऊत, श्याम कुमार बर्वे, प्रफुल्ल गुडाधे, चरण सिंह सपरा, विकास ठाकरे, हिना कावरे, रीता चौधरी, रेहाना रेयाज़ चिश्ती, अज़मतुल्लाह हुसैनी, सीताराम लांबा शामिल हैं।

### जयस्तंभ से लेकर गुरुनानक चौक तक मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से हुआ अभूतपूर्व स्वागत

# साय ने कहा- जीएसटी सुधार से आर्थिक गतिविधियों में आएगी तेजी, स्थानीय रोजगार को भी मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के एमजी रोड एवं आसपास के प्रमुख बाजारों का भ्रमण कर व्यापारियों और उपभोक्ताओं से आत्मीय संवाद किया। यह अवसर इसलिए भी विशेष रहा, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू जीएसटी 2.0 ने कर प्रणाली को नई सरलता और पारदर्शिता प्रदान की है। मुख्यमंत्री के आगमन से पूरे बाजार का वातावरण उल्लास और उत्साह से भर गया। जगह-जगह व्यापारियों और नागरिकों ने उनका स्वागत किया और "मोदी जी को धन्यवाद" के नारे गूंजते रहे। मुख्यमंत्री ने दुकानदारों से प्रत्यक्ष संवाद करते हुए जाना कि नई कर व्यवस्था से व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को कितना बड़ा लाभ मिला है।

मुख्यमंत्री ने शाम को राजधानी रायपुर स्थित जयस्तंभ चौक से महात्मा गांधी मार्ग होते हुए गुरुनानक चौक तक पैदल बाजार भ्रमण किया और जीएसटी बचत उत्सव का जायजा लेने विभिन्न प्रतिष्ठानों में पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दुकानों में बचत उत्सव के स्टीकर भी लगाए और स्थानीय दुकानदारों एवं ग्राहकों से चर्चा की। बाजार भ्रमण के दौरान व्यापारियों में खासा उत्साह



देखने को मिला। विभिन्न व्यापारी संगठनों एवं संचालकों ने मुख्यमंत्री श्री साय का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा, जीएसटी सुधार से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी, जिससे स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा हाल में किए गए व्यापक जीएसटी सुधारों से टैक्स में कमी आई है और ग्राहकों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

### खरीदी में हो रही बचत

*इसी प्रकार एमएस ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर मोहन नेभानी ने बताया कि बचत उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री स्वयं उनकी दुकान पर आए और ग्राहकों के लाभ की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि जीएसटी में कटौती से ग्राहकों की खरीददारी बढ़ी है और हर सामान पर 1 से 2 हजार रुपये तक की बचत हो रही है। मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी मार्ग स्थित विभिन्न दुकानों में भ्रमण कर दुकानदारों और ग्राहकों से आत्मीय बातचीत की। बाजार में पैदल भ्रमण के दौरान आमजन ने मुख्यमंत्री पर पुष्पवर्षा कर स्वागत और अभिनंदन किया।*

### चैंबर के पदाधिकारियों ने किया स्वागत

जयस्तंभ चौक पर मुख्यमंत्री का स्वागत चैम्बर ऑफ कॉमर्स और पार्टी पदाधिकारियों ने किया। इसके बाद वे शारदा चौक पहुंचे और वहाँ देवी प्रतिमा के दर्शन कर भक्तों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान नवरात्रि की शुभकामनाएँ दीं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री पूनम होटल से लेकर मंजू ममता होटल तक पैदल भ्रमण करते हुए आगे बढ़े। सड़क किनारे खड़े छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े प्रतिष्ठानों तक, सभी ने मुख्यमंत्री से संवाद करने की उत्सुकता दिखाई। मुख्यमंत्री ने भी आत्मीयता के साथ सभी की बातें सुनीं और जीएसटी 2.0 के लाभों पर उनकी प्रतिक्रियाएँ जानीं।

### स्वदेशी को दें बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों और व्यापारियों से आग्रह किया कि वे स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा दें और उपभोक्ताओं से भी आह्वान किया कि वे गर्व से कहें – "मैं स्वदेशी खरीदता हूँ और स्वदेशी बेचता हूं।" उन्होंने इसे भारत के आर्थिक भविष्य को नई ऊँचाइयों तक ले जाने वाला मंत्र बताया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोती लाल साहू, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न व्यापारी संगठन एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री साय ने चारों बसों को झंडी दिखाकर किया डोंगरगढ़ रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को रायपुर शहर के आकाशवाणी चौक स्थित सिद्ध मां काली मंदिर से डोंगरगढ़ तक निशुल्क बस सेवा का शुभारंभ किया। रायपुर से मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं को इस बस सेवा का निशुल्क लाभ मिलेगा। बसों को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कालीमाता सेवा समिति पिछले दस वर्षों से निस्वार्थ सेवाभाव से प्रत्येक नवरात्रि में प्रतिदिन चार बसों से श्रद्धालुओं को मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए ले जाती है। यह न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण भी है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर देवी मंदिरों में दर्शन की लालसा हर सनातनी के मन में होती है। मां के दर्शन की कल्पना मात्र से ही मन में दिव्य ऊर्जा का संचार होता है, लेकिन कई बार परिस्थितिवश हर कोई दूर स्थित देवी स्थलों तक नहीं पहुंच पाता। ऐसे में यह बस सेवा श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। मां बम्लेश्वरी के दरबार तक पहुंच श्रद्धालुओं के लिए अब और सुगम हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बस सेवा से समिति ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही सेवा, समर्पण और समावेशिता का प्रेरक संदेश भी दिया है।

### पांच दिनों तक चलेगी निशुल्क बस सेवा

समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज (पोल्ले) ने बताया कि कालीमाता सेवा समिति द्वारा संचालित यह निशुल्क बस सेवा नवरात्रि पर्व के दौरान पांच दिनों तक लगातार चलेगी। इस सेवा के तहत प्रतिदिन चार बसें रायपुर से श्रद्धालुओं को डोंगरगढ़ तक ले जाएंगी और उन्हें दर्शन के उपरांत वापस रायपुर लाएंगी। इस अवसर पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति से एक बस कवर्धा से डोंगरगढ़ तक चलाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, महापौर मीनल चौबे, विधायक सुनील सोनी एवं पुरंदर मिश्रा, श्रीचंद सुंदरानी, सतीश थौरानी, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य संतोष साहू, अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, गुड्डू त्रिपाठी, संतोष शुक्ला, सुनील जग्गी, राजेश वासवानी सहित समिति के गुरमीत सिंह टोनी, संदीप परिहार, धीरज जोधानी, दीपक पाठक, सुमीत यादव, रोहित भारद्वाज, विजेंद्र शर्मा, शक्ति भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक उपस्थित थे।

### सलीम राज बोले

# मुस्लिम युवाओं को गरबा जैसे धार्मिक आयोजनों से रहना चाहिए दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने नवरात्रि पर्व के अवसर पर मुस्लिम समाज के युवाओं से अपील करते हुए कहा, नवरात्रि हिंदू समाज का पवित्र पर्व है, जिसमें माता जगदंबा की आराधना के साथ करोड़ों श्रद्धालु गरबा और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। गरबा कोई साधारण नृत्य कार्यक्रम नहीं है। यह देवी दुर्गा की आराधना के लिए किया जाने वाला भक्तिपूर्ण लोकनृत्य है, जो जीवन के चक्र और देवी की असीम शक्ति का प्रतीक है। यदि मुस्लिम समाज मूर्ति पूजा में आस्था नहीं रखता है, तो उसे गरबा जैसे धार्मिक आयोजनों से दूर रहना चाहिए।

डॉ. राज ने कहा कि यदि कोई मुस्लिम भाई-बहन वेशभूषा व परंपरा का सम्मान करते हुए समिति से अनुमति लेकर भाग लेना चाहते हैं, तो इसमें किसी को आपत्ति नहीं होगी, किंतु गलत नीयत से गरबा स्थलों पर प्रवेश कर उपद्रव करने का प्रयास हिंदू समाज की भावनाओं को आहत करता है, जिससे सामाजिक सौहार्द्र को ठेस पहुंच सकती है। डॉ. राज ने मुस्लिम युवाओं से अपील की कि वे ऐसे पवित्र धार्मिक आयोजनों से दूरी बनाए रखें। उन्होंने कहा, प्रदेश की गंगा-जमुनी तहजीब का सम्मान करते हुए छत्तीसगढ़ में शांति, भाईचारे और सद्भाव बनाए रखें। डॉ. राज ने कहा कि इस्लाम शांति का प्रतीक है और हमें हर हाल में प्रदेश की अमन-चैन व भाईचारे को प्राथमिकता देनी चाहिए।



■ वक्फ बोर्ड अध्यक्ष की मुस्लिम समाज के युवाओं से अपील

# धान बेचने के लिए मिलेगा ऑनलाइन टोकन, छोटे किसानों को पहले मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी की शुरुआत 1 नवंबर से संभावित है। इस बार धान बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन टोकन मिलेगा। यही नहीं, किसानों में छोटे और सीमांत किसानों का धान भी पहले खरीदा जाएगा। धान खरीदने वाली सोसाइटियों और मिलिंग करने वाले मिलरों को भी इस बार सरकार राहत देने जा रही है।

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले पंजीकृत किसानों को इस सीजन में धान बेचने के लिए टोकन हासिल करने के लिए लंबी-लंबी कतारों में नहीं खड़ा होना पड़ेगा। इस बार किसानों को ऑनलाइन माध्यम से टोकन जारी किए जाएंगे। टोकन मिलने के बाद तय तारीख पर किसान आसानी से धान बेच पाएंगे। टोकन बांटने के लिए तुंहर एप की व्यवस्था की गई है। यही नहीं, धान बेचने के लिए पहला अवसर छोटे और सीमांत किसानों को मिलेगा। इन किसानों में वे आते हैं, जिनके पास 2 एकड़ से लेकर 10 एकड़ तक जमीन है।

सोसाइटियों को भी बोनस

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने वाली राज्य की 2 हजार 739 सोसाइटियों को सरकार बोनस देगी। यह राशि उन सोसाइटियों को मिलेगी जिनमें धान की सूखत शून्य प्रतिशत होगी। इस तरह की सोसाइटियों को पांच रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। बताया गया है कि पूर्व के वर्षों में यह व्यवस्था थी, लेकिन पिछले साल किन्ही कारणों से सोसाइटियों को यह राशि नहीं दी जा सकी था। इस वजह से शून्य प्रतिशत सूखत वाली सोसाइटियों को लाभ से वंचित होना पड़ा था।



कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू होगी नई नीति

### मिलरों को राहत

राज्य में धान खरीदी शुरू होने के साथ ही कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इस व्यवस्था में नियम ये है कि धान उठाने के लिए डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) जारी होने के बाद 10 दिनों के अंदर निर्धारित मात्रा में धान का परिवहन करना होता है। यह नहीं करने पर 11 वे दिन से मिलर पर पेनाल्टी लगनी शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार किसानों को डीओ कटने के बाद 15 दिन का समय धान परिवहन के लिए दिया जाएगा।

# अब पार्षद, अध्यक्ष और महापौर निधि से भी करा सकेंगे स्ट्रीट लाइटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के नगरीय निकायों में अब स्ट्रीट लाइटिंग (प्रकाश व्यवस्था) के कार्य पार्षद, अध्यक्ष और महापौर निधि से भी कराए जा सकेंगे। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इन निधियों से किए जाने वाले कार्यों की सूची में अतिरिक्त नवीन कंडिका जोड़ते हुए अब वार्षिक पात्रता राशि की अधिकतम 25 प्रतिशत राशि प्रकाश व्यवस्था के लिए व्यय करने की अनुमति प्रदान की है।

राज्य शासन ने इस संबंध में सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी किया है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने हाल ही में विभागीय समीक्षा बैठक में पार्षद, अध्यक्ष और महापौर निधि से किए जाने वाले कार्यों में प्रकाश व्यवस्था को भी शामिल करने के निर्देश दिए थे। अब विभाग ने इस संबंध में परिपत्र मंत्रालय से सभी नगरीय निकायों को भेजा है।



उप मुख्यमंत्री साव ने समीक्षा बैठक में दिए थे निर्देश

### निधि के लिए जारी हुए हैं 103 करोड़ रुपए

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने हाल ही में 19 सितम्बर को प्रदेशभर के नगरीय निकायों को कुल 102 करोड़ 97 लाख 50 हजार रुपए की पार्षद, अध्यक्ष और महापौर निधि जारी की है। विभाग द्वारा निकायों को पार्षद निधि के कुल 72 करोड़ 33 लाख 75 हजार रुपए तथा महापौर,अध्यक्ष निधि के कुल 30 करोड़ 63 लाख 75 हजार रुपए आवंटित किए गए हैं।

### पटना में कांग्रेस की बैठक में शामिल होने रवाना

# बघेल ने बीजेपी को बीफ निर्यात पर घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस की कार्यसमिति की विस्तारित बैठक में शामिल होने के लिए बिहार रवाना हुए। रवाना होने से पहले उन्होंने कहा, आजादी के बाद पहली बार बिहार की धरती पर सीडब्ल्यूसी की बैठक हो रही है। यह बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि बिहार में चुनाव भी होने वाले हैं। राहुल गांधी ने हाल ही में वोट चोरी के खिलाफ 16 दिन की यात्रा की थी, ऐसे में यह बैठक खास महत्व रखती है।

नक्सलियों के पत्र को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा के बयान पर भूपेश बघेल ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, गृहमंत्री अस्थिर मानसिकता के हैं। जब वे मंत्री बने, तो टेलीफोन पर बात करने को तैयार थे, अब समझौता वार्ता के लिए तैयार हैं। उनके बयानों में हमेशा बदलाव होता रहा है।



### चैतन्य बघेल मामले पर प्रतिक्रिया

अपने बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ ईडी और ईओडब्ल्यू की कार्रवाई पर भूपेश बघेल ने कहा, पिछले पांच साल से वही जांच चल रही है। पहले ईओडब्ल्यू और अब ईडी जांच कर रही है। सरकार बदलने के बाद नकली होलोग्राम का मुद्दा सामने आया। इनका असली उद्देश्य लोगों को बदनाम करना है। लक्ष्मी नारायण बंसल के खिलाफ वारंट जारी किया गया, उनके बयान के आधार पर ईडी की कार्रवाई हुई और फिर चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी की गई।

### बीफ निर्यात पर भाजपा पर निशाना

बिहार चुनावी माहौल में गोहत्या और गो तस्करी के मुद्दे पर भी बघेल ने भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा, 2014 में भारत बीफ निर्यात में 9वें स्थान पर था, अब दूसरे स्थान पर आ गया है। भाजपा बीफ निर्यातकों से अरबों रुपये चंदा लेती है। गो माता के नाम पर वोट और गो हत्यारों से नोट लेते हैं।

### साव ने कहा- कांग्रेस नेता हारे-पिटे

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस नेताओं पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओं को "हारा-पिटा" बताते हुए कहा, जो लोग छत्तीसगढ़ में चुनाव हार चुके हैं, वे बिहार जाकर क्या कर पाएंगे। उन्होंने यह भी कहा, कांग्रेस नेताओं के पास न तो कार्यकर्ता हैं और न ही जनता का विश्वास। उन्होंने दावा किया कि बिहार में कांग्रेस की स्थिति पहले से ही कमजोर है और वहां की जनता भी इन नेताओं को गंभीरता से नहीं लेती। साव ने अपने बयान में बीजेपी की तैयारियों का जिक्र करते हुए कहा, उनकी पार्टी बिहार में मजबूत स्थिति में है और जनता का समर्थन उनके साथ है।

# महंत बोले- राज्य के मूल निवासियों को अतिथि व्याख्याता पद पर दें नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने उच्च शिक्षा विभाग में गैर छत्तीसगढ़ियों की नियुक्ति और स्थानीय छत्तीसगढ़ियों की उपेक्षा को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा है कि उच्च शिक्षा विभाग की 'अतिथि व्याख्याता नीति-2024' छत्तीसगढ़ियों के हितों के विरुद्ध है। इसमें संशोधन होना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने अपने पत्र में लिखा है कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 20 जून 2024 से 'अतिथि व्याख्याता नीति-2024' लागू की गई है। इस नीति में छत्तीसगढ़ियों की घोर उपेक्षा करते हुए अभ्यर्थियों की पात्रता के मापदण्डों में ऐसे प्रावधान नहीं किए गए हैं कि छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक हो, इसमें छत्तीसगढ़ के बाहर के निवासियों को भी पात्र माना गया है, जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार अतिथि विद्वानों के पदों के लिए मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है।



महंत ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नियमों में संशोधन का किया आग्रह

### सरगुजा संभाग में अन्य राज्य के 15 का चयन

महंत ने बताया कि हाल ही में सरगुजा संभाग के महाविद्यालयों में 34 पदों पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। इसमें से 15 पदों पर अन्य राज्य के निवासी हैं तथा 19 पदों पर छत्तीसगढ़ के मूल निवासी चयनित हुए हैं। महंत का कहना है कि प्रदेश के शिक्षित युवा बेरोजगारों और नौजवानों के लिए यह जरूरी है कि उक्त नीति में तत्काल संशोधन किया जाए और मध्यप्रदेश की भांति ही छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को ही यह अवसर प्राप्त हो।

# 5 कांग्रेसी पार्षदों ने पार्टी का आदेश किया दरकिनार, संदीप साहू को माना नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

नगर निगम के 5 कांग्रेसी पार्षदों ने पार्टी का आदेश नहीं माना है, उन्होंने जिला शहर अध्यक्ष द्वारा आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने पर ऐतराज करते हुए सभापति सूर्यकांत राठौर के समक्ष संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष बनाने अभिमत दिया है। उनका ये भी कहना है कि आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बनाने के संबंध में उनसे कोई चर्चा नहीं की गई, न ही उनसे राय मशविरा किया गया, इसलिए वे अपने निर्णय पर अडिग हैं। अभिमत पर सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा है, संदीप साहू ही नेता प्रतिपक्ष रहेंगे। इस संबंध में वे जानकारों से मशविरा कर आगे निर्णय लेंगे। वहीं शहर कांग्रेस पार्टी के शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा है कि नगर निगम के कार्यवाही विवरण की जानकारी के बाद वे आगे पार्षदों पर कार्रवाई के बारे में निर्णय लेंगे।

नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष के मसले में संदीप साहू सहित 5 कांग्रेसी पार्षदों से 1 घंटे तक चर्चा की। इसमें कांग्रेसी पार्षदों ने संदीप साहू को अपना नेता बताया है। उनका ये भी कहना है, हम संदीप साहू को कांग्रेस पार्षद दल का नेता और निगम का नेता प्रतिपक्ष बनाने एकमत थे, आगे भी अपने निर्णय पर अडिग रहेंगे।

## आकाश तिवारी को बनाया गया था नेता प्रतिपक्ष

### संदीप साहू बने रहेंगे नेता प्रतिपक्ष

कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में अभिमत देने आये 5 कांग्रेसी पार्षदों ने संदीप साहू को ही निगम का नेता प्रतिपक्ष माना है। उनसे जब मैंने चर्चा की, तो कहा कि आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बनाने के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी ने उनसे कोई चर्चा नहीं की है, न इस संबंध में रायशुमारी हुई है। इसीलिए वे अपने निर्णय पर अडिग हैं। संदीप साहू ही नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष बने रहेंगे। इस संबंध में मैं जानकारों से चर्चा करूंगा, इसके बाद आगे निर्णय लिया जायेगा।

**- सूर्यकांत राठौर,** सभापति नगर निगम




### कार्यवाही विवरण की जानकारी के बाद लेंगे निर्णय

निगम में नेता प्रतिपक्ष को लेकर नगर निगम के कार्यवाही विवरण की जानकारी के बाद वे आगे पार्षदों पर कार्रवाई के बारे में निर्णय लेंगे।

**- गिरीश दुबे,** शहर जिला अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी

## खबर संक्षेप

### खेमलाल बने रामनगर साहू समाज के अध्यक्ष



**रायपुर।** रामनगर परिक्षेत्र साहू समाज के खेमलाल साहू निर्विरोध परिक्षेत्र अध्यक्ष बनाए गए। इस संबंध में अध्यक्ष कमल नारायण साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पद के लिए 4 लोगों ने नामांकन दाखिल किया था। साथ ही चेतन साहू और नलिनी साहू को उपाध्यक्ष, प्रहलाद साहू एवं सरस्वती साहू को संगठन सचिव बनाया गया। इस मौके पर रामबगस साहू, पवन साहू, परमेश्वर साहू, भुवनलाल साहू, बृजेश साहू एवं गोपी साहू उपस्थित रहे।

### रविवि के 5 प्राध्यापकों को स्टैनफोर्ड विवि सूची में जगह

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पांच प्राध्यापकों को अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा तैयार और एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित वैश्विक डाटाबेस में विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में शामिल किया गया है। प्रो.शैलेन्द्र साराफ, प्रो.स्वर्णलता साराफ, प्रो.मंजू सिंह, प्रो.दीपेन्द्र सिंह, प्रो.अंबर व्यास और प्रो.कमलेश श्रीवास को इस सूची में जगह मिली है।

## निधन

### टी.लक्ष्मण

**रायपुर।** अवंति विहार निवासी टी. लक्ष्मण का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे टीवी मुरली, स्व. टी. सूर्यप्रसाद, टी. श्रीनिवास, टी. राम के छोटे भाई एवं टी. रविकुमार के बड़े भाई थे।



### इंदू बोथरा

**रायपुर।** शंकर नगर निवासी इंदू बोथरा (जैन) का मंगलवार 23 सितम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. भंवरलाल बोथरा की पुत्री एवं सुनील व संजय बोथरा की बहन थीं।



## जीएसटी 12 से घटकर 5 प्रतिशत, 90 फीसदी दवाओं के दाम में आई कमी

# महंगाई पर जीएसटी का मरहम, पैरासिटामोल से लेकर कैंसर की दवाओं की कीमत हुई कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सस्ती दवाओं से मिलेगी आम लोगों को राहत बीपी-शुगर के टेबलेट के दाम भी घटे

बढ़ती महंगाई से परेशान आम लोगों को जीएसटी का मरहम लगाया गया है। दवाओं पर पूर्व में लगने वाले 12 प्रतिशत टैक्स को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं कैंसर, अनुवांशिक और दुर्लभ बीमारियों सहित 36 महत्वपूर्ण जीवन रक्षक दवाओं को जीएसटी से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। टैक्स में कमी की वजह से पैरासिटामोल, बीपी-शुगर जैसी दैनिक उपयोग में आने वाली दवाओं के साथ कैंसर की दवाओं की कीमत में कमी आ गई है।

दवा कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक जीएसटी में की गई 6 प्रतिशत की कटौती आम लोगों के लिए राहतभरी है। इसके असर से 90 फीसदी दवाओं की कीमतों में कमी आई है। सामान्यतः उपयोग किए जाने वाले बीपी-शुगर के टेबलेट अब लोगों को कम दाम में उपलब्ध होने लगा है। बुखार-हरारत, शरीर में दर्द जैसी शिकायतों के लिए उपयोग की जाने वाली दवा पैरिसिटामोल के दामों में दो रुपये से लेकर दस रुपये तक की कमी आई है। एंटीबायोटिक, मल्टी विटामिन, गैस्ट्रिक जैसी दवाओं की कीमत भी पांच से दस रुपये तक कम हो गई। इसके अलावा डायग्नोस्टिक में उपयोग आने वाले उपकरणों और दवाओं के दामों में भी कमी की गई है। दवाओं के चिल्हर कारोबार में इसका असर दिखने लगा है, मगर थोक बाजार में इसका प्रभाव 15 दिन बाद ही नजर आएगा। दवा कंपनियों द्वारा नया लेबल तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।



### कम हुए इन दवाओं के दाम

| दवा | मात्रा | पुरानी कीमत | नई दर | किसकी दवा |
|---|---|---|---|---|
| फेबरिनिल 650 | 15 टेब. | 34.18 | 32.05 | बुखार |
| शेलकॉल 500 | 15 टेब. | 158.6 | 148.65 | कैल्शियम |
| टेलसर 40 | 15 टेब. | 115.53 | 108.3 | उच्च रक्तचाप |
| एमॉक्सीसिलिन | 10 टेब. | 204.93 | 192.1 | एंटीबायोटिक |
| सिफिक्सिम 200 | 10 टेब. | 111.33 | 104.3 | एंटीबायोटिक |
| मेटाफार्मिन 500 | 10 टेब. | 102 | 95.6 | शुगर |
| कोरेक्स सिरप | 100 एमएल | 170.48 | 159.82 | कफ-खांसी |
| बेटिडिन ओटिमेंट | 20 ग्राम | 147.62 | 138.4 | एंटीसेप्टिक |
| पेंटाप्रोजोल 40 | 10 टेब. | 102.20 | 95.81 | गैस्ट्रिक |
| सिग्माडर्म | 5 ग्राम | 44.0 | 41.25 | एंटीफंगल |
| जिकोंवेट | 15 टेब. | 115 | 107.80 | मल्टीविटामिन |

### इनका कहना

जीएसटी में की गई 6 प्रतिशत की कमी आम लोगों लिए राहतभरी है। इसके प्रभाव से 90 फीसदी दवाओं के दामों में कमी आई है। दैनिक उपयोग के साथ गंभीर बीमारियों की दवा के दाम इससे कम होंगे।

**- ठाकुर राजेश्वर सिंह,** संरक्षक, रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ

जीएसटी में कमी आने का प्रभाव आम उपभोक्ताओं के साथ दवा कारोबारियों को भी राहत देगा। थोक बाजार में इसका प्रभाव आने वाले दिनों में नजर आएगा। यह आम लोगों के राहतभरा निर्णय है।

**- अश्विनी विग,** वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ

जीएसटी में की गई कमी से विभिन्न तरह की दवाओं के दाम कम हुए हैं। सामान्य उपयोग में आने वाली दवाओं से लेकर बड़ी बीमारियों की दवाओं की कीमतों में कमी आई है, जो आम लोगों को राहत देने वाली है।

**- लोकेश साहू,** थोक दवा कारोबारी

# डीएनए टेस्ट में हुआ मारपीट का खुलासा, पति-ससुर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गला दबाने के बाद लटकाया था फांसी के फंदे पर
- उरकुरा खमतराई क्षेत्र की घटना

राजधानी रायपुर के उरकुरा इलाके में एक महिला की मौत के मामले में पुलिस ने डेढ़ साल बाद मृतका के पति और उसके ससुर को गिरफ्तार किया है। दोनों ने मिलकर उसकी हत्या की थी। हत्या गला दबाकर की थी और फिर उसे आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया था। इस घटना का खुलासा मृतका के नेल क्लीपिंग एवं फिंगर नेल पर लगा ब्लड तथा आरोपियों के ब्लड सैंपल का डीएनए टेस्ट कराने के बाद हुआ।



### डीएनए टेस्ट में मिले सबूत

*पोस्टमार्टम की रिपोर्ट को आधार मानकर पुलिस ने इस मामले में डोमार एवं धरमराज के ब्लड के साथ मृतका के दोनों हाथ के नाखूनों एवं बिसरा ब्लड आदि की जांच कराई। इस जांच में पता चला कि डोमार एवं धरमराज ने ही पहले कांति से मारपीट की थी और फिर गला दबाकर उसकी हत्या। डीएनए जांच में खुलासा के बाद पुलिस ने जब सख्ती से उनसे पूछताछ की, तो दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 302, 201 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया है।*

### घरेलू विवाद पर मारपीट करने के बाद की हत्या

खमतराई थाना प्रभारी ने बताया कि जनवरी 2024 में उरकुरा में कांति साहू नामक महिला की फांसी पर लटकी लाश मिली थी। प्रारंभिक जांच में मृतका के पति धरमराज साहू एवं उसके ससुर डोमार सिंह के बयान के आधार पर पुलिस भी इसे आत्महत्या मान रही थी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका के शरीर पर चोटों के कई निशान भी पाए गए थे, साथ ही दम घुटने से उसकी मौत होना पाया गया। इसके आधार पर पुलिस इस मामले में हत्या की आशंका जताते हुए लगातार धरमराज एवं डोमार से पूछताछ कर रही थी। इस दौरान दोनों ने कई बार बदल-बदलकर बयान दिए, जिससे पुलिस को इन दोनों पर संदेह होने लगा, लेकिन सबूत नहीं होने के कारण दोनों को गिरफ्तान नहीं किया जा सका।

## पेज 13 के शेष

### एमआईसी की...

शामिल करने का प्रस्ताव पारित कर दिया है। इस निर्णय से नगर निगम के 536 कर्मचारियों और अधिकारियों को इसका लाभ मिलेगा। इसी तरह इंदौर शहर की स्वच्छता गतिविधियों को रायपुर नगर निगम में लागू करने, 15वें वित्त आयोग में 20 अलग-अलग कार्यो को करने वार्ड जोनल एक्शन प्लान के अनुमोदन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

### नामांतरण की समय ...

नामांतरण शुल्क को 800 रुपये करने की अनुशंसा की गई। इसी तरह नगर निवेश के प्रस्ताव अनुसार रैली, जुलूस के लिए आयोजन के बाद सफाई व्यवस्था के लिए प्रति आयोजन 1 हजार रुपये की राशि आयोजकों से ली जायेगी। सार्वजनिक खुले मैदान, सार्वजनिक मार्ग पर पंडाल, अस्थायी संरचना कर जुलूस रैली के लिए प्रतिदिन 1 हजार रुपये आयोजन शुल्क लिया जायेगा। एमआईसी ने पेंशन संबंधी 100 प्रकरणों को पात्रता के आधार पर मंजूरी दी। बैठक में निगम आयुक्त विश्वदीप, एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, डॉ. अनामिका सिंह, मनोज वर्मा, अवतार बागल, संतोष साहू, गायत्री चंद्राकर, सुमन पांडे, महेंद्र खोडियार, खेमकुमार सेन, भोलाराम साहू, सरिता दुबे, संजना हियाल, नंद किशोर साहू, अमर गिदवानी, अपर आयुक्त,उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, नगर निवेशक, स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, जोन कमिश्नर सहित विभागों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### शराब घोटाला में फंसे 28 आबकारी...

मिल गई। सभी अफसर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की कॉपी लेकर ईओडब्ल्यू कोर्ट पहुंचे थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत ईओडब्ल्यू कोर्ट ने सभी अफसरों को एक-एक लाख रुपए का पट्टा जमा करने पर जमानत दे दी है। **हाईकोर्ट से जमानत नहीं मिलने पर सुप्रीम कोर्ट में लगाई थी याचिका**-सभी आबकारी अफसरों ने अपनी अग्रिम जमानत के लिए पहले हाईकोर्ट बिलासपुर में याचिका लगाई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद अफसरों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई, जहां कोर्ट ने अफसरों के वकील की ओर से उनका पक्ष सुनने के बाद शर्तों के साथ अग्रिम जमानत को मंजूरी दे दी। इस आदेश के तहत सभी अफसर अब ईओडब्ल्यू कोर्ट में पेश हुए थे।

### अफसरों पर सिंडिकेट की...

आबकारी अफसरों ने शराब घोटाले में 80 करोड़ से अधिक की अवैध कमाई की है। ईओडब्ल्यू की जांच में हुए इस खुलासे के बाद शासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सभी अफसरों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

---

**न्यायालय तहसीलदार 05 धरसींवा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/202509111800014/अ-6-अ/2025
धरसींवा, दिनांक 19/09/2025
ग्राम मनोहरा प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. 15 धरसींवा तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक श्री अशोक आहलूवालिया पिता श्री धरम पाल निवासी स्टेशन रोड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम मनोहरा प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसींवा तहसील धरसींवा स्थित भूमि खसरा नंबर 13/1 शामिल 14/1, 14/2, 15, 18, 19/2, 20/2, 21/2, 22/2, 305/1, 305/4, 305/6, 308, 309/2, 311, 312/2, 313/1, 313/3, 314/2 रकबा 8.1800 हे. भूमि भूमिस्वामी अशोक पिता धरमपाल अहलूवालिया के नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। उक्त भूमि को क्रय कर उपयोग व उपभोग कर रहा है। वर्तमान ऑनलाईन बी-1 मे खसरा नंबर 314/2 टंकन त्रुटि होने के कारण दर्ज नही है। आवेदक द्वारा उक्त खसरा नंबर 314/2 को वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड मे दर्ज कर अभिलेख सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 03/10/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार धरसींवा**

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार अशोक कुमार साहू, प्रवीण सिंह, मनोज कुमार साहू द्वारा दिनांक 25/09/2024 को कांति कुमार चंद्राकर उम्र 48 वर्ष पिता श्री हेमचंद चंद्राकर, निवासी-म.नं.-191, दुर्गा चौक, ग्राम-चटौद, नरदहा, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि ग्राम-टेका, प.ह.नं. -9, रा.नि.मं.-पिथौरा, तहसील-पिथौरा, जिला-महासमुंद छ.ग. की कृषि भूमि जिसका खसरा नं.- 62 रकबा 1.420 हेक्टेयर ऋण पुस्तिका क्र. -पी-1728031 को 7,11,000/-रू. (अक्षरी-सात लाख ग्यारह हजार रूपये) प्रति एकड़ की दर से क्रय करने का विक्रय इकरारनामा किया गया है एवं अग्रिम बयाना के रूप में 7,50,000/-रू. (अक्षरी-सात लाख पचास हजार रूपये) विक्रेता-कांति कुमार चंद्राकर को प्रदान कर दिया गया है, इकरारशुदा भूमि का पंजीयन किया जाना शेष है, विक्रय इकरारनामा के अनुसार इकरारशुदा भूमि का नाप, सीमांकन/बटांकन कराकर समस्त दस्तावेज उपलब्ध कराने कि जवाबदारी विक्रेता के उपर थी। मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता से कई बार भूमि कि नाप/सीमांकन करवाकर राजस्व अभिलेख कि मांग की गई परंतु विक्रेता द्वारा हमेशा हिला-हवाला, टाल-मटोल करते रहा है। मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि विक्रेता कांति कुमार चंद्राकर के द्वारा मेरे पक्षकार के साथ इकरारशुदा संपत्ति का विक्रय अनुबंध होते हुए भी मेरे पक्षकार को धोखा एवं छल कर इकरारशुदा संपत्ति को किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण आम जनता, बैंक, शासकीय एवं अशासकीय संस्था, साहूकार, वित्तीय संस्थाये इत्यादि को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के साथ हुए इकरारशुदा कृषि भूमि संपत्ति का किसी प्रकार कोई विक्रय इकरार, विक्रय संव्यवहार या किसी प्रकार का कोई स्वामित्व हस्तांतरण संबंधित कोई भी संव्यवहार ना करे, यदि किया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा एवं विधि विरुद्ध संव्यवहार के लिये स्वयं जवाबदार रहेंगे। सो सूचना जाने।

भवदीय
रायपुर छ.ग. **डी.के. साहू, अधिवक्ता**
दिनांक 23.09.2025 **बार रूम नं.-103, टेबल नं.-05, जिला न्यायालय, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 79993-57940**

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता हे कि मेरा पक्षकार अशोक कुमार साहू, प्रवीण सिंह, मनोज कुमार साहू द्वारा दिनांक 25/09/2024 को हेमचंद चंद्राकर उम्र 74 वर्ष पिता स्व. भुवन लाल चंद्राकर निवासी-म.नं.-166, ग्राम-चटौद, नरदहा, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि ग्राम-टेका, प.ह.नं.-9, रा.नि.मं. -पिथौरा, तहसील-पिथौरा, जिला-महासमुंद छ.ग. की कृषि भूमि जिसका खसरा नं.-52/1, 52/2, 53/1, 53/2, 53/3 रकबा क्रमशः 1.95 हे., 1.42 हे., 0.42 हे., 2.50 हे., 0.60 हे., कुल खसरा-05 कुल रकबा 6.89 हेक्टेयर ऋण पुस्तिका क्र. पी-1728030 को 7,11,000/-रू. (अक्षरी-सात लाख ग्यारह हजार रूपये) प्रति एकड़ की दर से क्रय करने का विक्रय इकरारनामा किया गया है एवं अग्रिम बयाना के रूप में 7,50,000/-रू. (अक्षरी-सात लाख पचास हजार रूपये) विक्रेता-हेमचंद चंद्राकर को प्रदान कर दिया गया है, इकरारशुदा भूमि का पंजीयन किया जाना शेष है, विक्रय इकरारनामा के अनुसार इकरारशुदा भूमि का नाप, सीमांकन/बटांकन कराकर समस्त दस्तावेज उपलब्ध कराने कि जवाबदारी विक्रेता के उपर थी। मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता से कई बार भूमि कि नाप/सीमांकन करवाकर राजस्व अभिलेख कि मांग की गई परंतु विक्रेता द्वारा हमेशा हिला-हवाला, टाल-मटोल करते रहा है। मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि विक्रेता हेमचंद चंद्राकर के द्वारा मेरे पक्षकार के साथ इकरारशुदा संपत्ति का विक्रय अनुबंध होते हुए भी मेरे पक्षकार को धोखा एवं छल कर इकरारशुदा संपत्ति को किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण आम जनता, बैंक, शासकीय एवं अशासकीय संस्था, साहूकार, वित्तीय संस्थाये इत्यादि को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के साथ हुए इकरारशुदा कृषि भूमि संपत्ति का किसी प्रकार कोई विक्रय इकरार, विक्रय संव्यवहार या किसी प्रकार का कोई स्वामित्व हस्तांतरण संबंधित कोई भी संव्यवहार ना करे, यदि किया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा एवं विधि विरूद्ध संव्यवहार के स्वयं जवाबदार रहेंगे। सो सूचना जाने।

भवदीय
रायपुर छ.ग. **डी.के. साहू, अधिवक्ता**
दिनांक 23.09.2025 **बार रूम नं.-103, टेबल नं.-05, जिला न्यायालय, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 79993-57940**

---

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील धरसीवा व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// सूचना-पत्र //**

क्रमांक / / वाचक / तहसीलदार/2023
धरसींवा दिनांक 18/09/2025

प्रति,
मनोहर राव शेष पिता गजानंद राव शेष निवासी रावांभाठा तहसील धरसीवा जिला रायपुर (छ.ग.)

**विषय :-** राजस्व मामला क्रमांक //अ-6/अ वर्ष 2024-2025 पक्षकार किशोर पटेल, प्रफुल्ल पटेल पिता रामणिक लाल पटेल बनाम शासन में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक किशोर पटेल, प्रफुल्ल पटेल पिता रामणिक लाल पटेल निवासी फाफाडीह रायपुर (छ.ग.) द्वारा अभिलेख सुधार बाबत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम रावांभाठा, प.ह.न. 86 रा.नि.म. रायपुर-21 रावांभाठा, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.न0 634/6 रकबा 0.244 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदकगण ने विक्रेता बिसन पटेल पिता गोपाल भाई पटेल निवासी न्यू टिम्बर मार्केट फाफाडी रायपुर से पंजीकृत विक्रय-विलेख दिनांक 02.11.2015 को क्रय किया गया है। परन्तु वर्तमान अभिलेख में त्रुटिवश आपका मनोहर राव शेष पिता गजानंद राव शेष वगैरह का नाम अंकित दिख रहा है। आवेदकगण द्वारा क्रय करने के पश्चात अपने नाम पर नामांतरण हो गया है। आवेदकगण द्वारा आवेदित भूमि के ऑनलाइन अभिलेख में अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। जो वर्तमान अभिलेख में आपके नाम पर दर्ज है। इसलिए आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 03/10/2025 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार धरसींवा**

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार भूपेन्द्र भारती (उपेन्द्र भारती) पिता राजकपूर भारती निवासी ग्राम बकतरा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम देवगांव प.ह. नं. - 14 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर - 85/2 एवं 86 रकबा 0.251 हे. एवं 0.462 हे. एवं ग्राम अकोलीखुर्द प.ह.नं. - 58, रा.नि.मं.–आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर -771/1 रकबा 0.14 हे. तथा ग्राम मजिठा खसरा नंबर - 96/2 रकबा 0.23 हे एवं ग्राम बकतरा स्थित मकान 1375 वर्गफूट के संबंध में एक व्यवहार अपील वाद क्र.- 98/25 बुगली बाई पति विष्णु गिलहरे, राजकपूर भारती सोनवा टंडन, सेवती बाई पति राजकपूर भारती सभी ग्राम बकतरा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. के विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है जिसमें उक्त संपत्ति के संबंध में स्वत्व का विवाद निहित है तथा प्रकरण वर्तमान में विचारण हेतु लंबित है।

मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ कि, उक्त संपत्ति के संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद उक्त बुगली बाई वगैरह के द्वारा संपत्ति को अन्यथा अंतरित करने का प्रयास कर रहे है, यदि उक्त संपत्ति के संबध में कोई भी अंतरण, हस्तांतरण, या क्रय-विक्रय की कार्यवाही मेरे पक्षकार की बिना लिखित अनुमति के संपादित किया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा की गई संपूर्ण कार्यवाही विधि एवं तथ्यों के विपरीत होगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक- 23/09/2025

**अनुज मिश्रा (अधिवक्ता)**
**पता - रेल्वे कालोनी, मंदिर हसौद रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. पिन नं.- 492101**
**मो. नं. - 9893130323**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**// ईश्तहार//**

क्रमांक /......../ब-121/2024-25
रायपुर, दिनांक 15/9/2025
ग्राम खमतराई प.ह.नं. 38,
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका एस प्रभावती. पति स्व. एस शंकर राव निवासी मकान. न. 10/363, शक्ति प्रोविजन के पीछे, सन्यासी पारा खमतराई, रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ:ग) द्वारा अपने पिता स्व. श्री मंगी सीमाचलम जो रेल्वे में कार्यरत थे, जिनकी दिनांक 04.06. 2018 को मृत्यु हो गई है, एवं माता स्व. श्रीमती एम रतनमाला की मृत्यु दिनांक 18.10.2015 को हों गई है। मृतक द्वारा अपने जीवन काल मे सेवा पुस्तिका के नॉमिनेशन कॉलम में पुत्री का नाम दर्ज नही कराये जाने के कारण मृतक की मृत्यु पश्चात देय स्वत्वो के भुगतान हेतु सम्बंधित विभाग द्वारा आवेदिका से वारिसान प्रमाण पत्र की मांग किये जाने के फलस्वरूप आवेदिका द्वारा आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत कर वारिसान प्रमाण पत्र की मांग किया है जो कि जांच प्रतिवेदन प्रेषित किये जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30/9/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर**

---

**राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़, बिलासपुर**
**नोटिस**

क्रमांक 62 / वाचक/अ./रा.मं./2025
बिलासपुर, दिनांक 2.3.09/2025
पुनरीक्षण प्रकरण कमांक आर.एन./02/आर/अ-06/39/2025, पेशी दिनांक 06/11/2025
रजनीश तिवारी पुनरीक्षणकर्तागण **विरूद्ध**
अरूण कुमार नायक वगैरह अनावेदकगण

प्रति,
अनिता कुठारे, पति श्री हेमराज कुठारे, निवासी ग्राम रायपुर, तहसील व जिला रायपुर पुनरीक्षणकर्ता रजनीश तिवारी, पिता स्व० श्री अमृतलाल तिवारी निवासी ग्राम लोहर्सी, तहसील पचपेड़ी, मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ०ग०) के द्वारा आयुक्त, बिलासपुर संभाग बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 98/अ-6/2023-24 में पारित आदेश दिनांक 13/12/2024 के विरूद्ध छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत् इस न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत की है। जिसकी सुनवाई दिनांक 06/11/2025 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में नियत है। अतः इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता, जो मामले की पूर्ण जानकारी रखते हों, के माध्यम से पेशी तारीख 06/11/2025 दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यदि उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्य दिवस पर इस न्यायालय में उपस्थित होवें। **दिनांक :–24.09.2025**

(माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आदेशित)
**अपर सचिव**
**राजस्व मण्डल छत्तीसगढ बिलासपुर**

---

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित एल.आई.जी. 376, को नाजनीन निशा पिता श्री अब्दुल रहमान के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय आरंग रायपुर से दिनांक 28.09.2016 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान नाजनीन निशा पिता श्री अब्दुल रहमान निवासीः- संतोषी मंदिर, नूरानी चौक, राजातालाब, रवि नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री अनिष कुमार चन्द्राकर पिता श्री नीलकंठ चन्द्राकर निवासीः- बोड़रा, पो.आ.- रसनी, तह. - आरंग, जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित एल.आई.जी. 376 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

---

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अखिलेश कुमार डहरिया पिता श्री मोहन लाल डहरिया,** निवासी म.नं.- L00214, वी वी विहार स्ट्रीट नं.- A1, वीआईपी करिश्मा के बाजू सड्डु, जिला-रायपुर, पिन कोड- 492014, छत्तीसगढ़ यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम **अखिलेश कुमार पिता श्री मोहन लाल डहरिया** रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **अखिलेश कुमार पिता श्री मोहन लाल डहरिया** से ही जाना पहचाना जावे।

**अखिलेश कुमार**
**पिता श्री मोहन लाल डहरिया**
**निवासी- म.नं.- L00214, वी वी विहार स्ट्रीट नं.- A1, वीआईपी करिश्मा के पास, सड्डु, जिला-रायपुर, (छ.ग.)**
**पिन कोड- 492014,**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


# हृदय की चार नसों में सौ फीसदी ब्लॉकेज, एंजियोप्लास्टी कर बचाई बुजुर्ग की जान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

मध्यप्रदेश के कई बड़े अस्पतालों से निराश होकर आंबेडकर अस्पताल पहुंचे 60 साल के मरीज को एंजियोप्लास्टी कर जीवनदान दिया गया। उसके हृदय की चार नसों में सौ फीसदी ब्लॉकेज था। अधिक उम्र की वजह से एंजियोप्लास्टी की प्रक्रिया काफी रिस्की थी, मगर मरीज ने डाक्टरों पर भरोसा जताया। उपचार की प्रक्रिया सफल होने के बाद उसे जल्दी ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

वृद्ध मरीज लंबे समय से दवाओं के सहारे अपना जीवन व्यतीत कर रहा था, क्योंकि उसके मूल राज्य के अस्पतालों ने ब्लाकेज की गंभीरता और उम्र के रिस्क को ध्यान में रखते हुए उसका इलाज करने से मना कर दिया था। इस बीच उन्हें एक करीबी रिश्तेदार से पता चला कि छत्तीसगढ़ की राजधानी के आंबेडकर अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में कुछ वर्ष पूर्व एक मरीज के जटिल हृदय रोग का सफल उपचार किया गया था। इसी भरोसे के साथ वे रायपुर पहुंचे, जहां उनकी जांच और उपचार प्रक्रिया शुरू हुई। जांच के बाद मरीज को जानकारी दी गई कि उनके हृदय की चार नसों में सौ फीसदी ब्लॉकेज है। ब्लाकेज हटाने के लिए एंजियोप्लास्टी अथवा लेजर का उपयोग करना होगा, जो रिस्की हो सकता है।

## एमपी के अस्पतालों से निराश होकर आंबेडकर अस्पताल आया था मरीज



### मरीज पूरी तरह स्वस्थ और जल्द डिस्चार्ज कर दिया जाएगा

मरीज और उनके परिजनों ने डाक्टरों पर विश्वास जताते हुए शल्य प्रक्रिया पूरी करने की अनुमति दी। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुई इस प्रक्रिया में राइट फीमोरल एंजियोप्लास्टी के जरिए मरीज की ब्लॉक नसों को खोला गया। मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और जल्द ही उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व भी मध्यप्रदेश से आए एक मरीज की सफल लेजर एंजियोप्लास्टी की गई थी। इस बार भी कठोर ब्लॉकेज को देखते हुए लेजर की तैयारी की गई थी, किंतु सौभाग्य से सामान्य एंजियोप्लास्टी से ही सफल परिणाम मिल गये। डीन डॉ. विवेक चौधरी ने मरीज की स्थिति को देखते हुए विभाग को अतिशीघ्र एंजियोप्लास्टी करने के निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप




### बिजली हाफ योजना में कटौती का विरोध बैठक में कई निर्णय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 400 यूनिट तक की बिजली बिल हॉफ योजना को घटाकर 100 यूनिट किए जाने के विरोध में कांग्रेस भवन में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। जहां अभनपुर विधानसभा के लगभग 50 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रवेश किया। बैठक के दौरान जिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि बिजली बिल हॉफ योजना बंद करने से आम आदमी को भारी भरकम बिल का भुगतान करना पड़ रहा है। आम लोगों की परेशानी को देखते हुए जिला कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि प्रत्येक ब्लॉक में बिजली विभाग के कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर विरोध किया जाएगा। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया, पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, शैलेश नितिन त्रिवेदी, गिरीश देवांगन, पंकज शर्मा, अनिता शर्मा, पूर्व विधायक प्रवीण साहू ने भी अपनी बात रखी।

### दिव्यांग बच्चों को किया व्हीलचेयर वितरण



**रायपुर।** आकांक्षा इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पावरमेंट अवंती विहार में मंगलवार को व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। यह कार्यक्रम मोटिवेशन इंडिया और रंगूनवाला फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इस मौके पर मोटिवेशन इंडिया के प्रोग्राम ऑफिसर सौम्या पाई ने बताया कि संस्था द्वारा दी जाने वाली अनुकूलनीय व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं की व्यक्तिगत जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई जाती है, जिससे उन्हें अधिक आराम, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता प्राप्त होती है। कार्यक्रम में प्रशांत कोनाई, अश्वनी साहू, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर आकाश सोनकर, आकांक्षा संस्थान के विशेष शिक्षक शहजादी बेगम शेख और शशि ठाकुर उपस्थित रहे।

### आदर्श नगर दुर्गा पंडाल में माता के नौ स्वरूपों का दर्शन



**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ अलग अलग स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्रि सिर्फ एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागृति, आत्मशुद्धि और शक्ति जागरण का उत्सव है। आदर्श नगर में दुर्गा पूजा का उत्सव हर साल भव्यता और आस्था का प्रतीक बनकर उभरता है। आदर्श दुर्गोत्सव समिति के सदस्य ने बताया, हर साल हम अलग-अलग तरह के मूर्तियां लाते हैं।

# बोर्ड बताएगा पालकों को... किस तरह करें बच्चों संग व्यवहार?

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

परीक्षा के समय छात्रों और पालकों का तनाव दूर करने टिप्स दिए जाते रहे हैं। अब परीक्षा के अलावा वर्षभर छात्रों और पालकों को टिप्स दिए जाएंगे, ताकि उनकी मानसिक स्थिति बेहतर हो और उनका संपूर्ण व्यक्तित्व विकास हो सके। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) की ओर से अभिभावकों के लिए 21 टिप्स जारी की गई हैं।

- अभिभावकों के लिए जारी किए गए 21 टिप्स

इनमें बच्चों के साथ व्यवहार करने के साथ शिक्षा का तरीका सिखाने के बारे में भी जानकारी दी गई है। बोर्ड का कहना है कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए और शिक्षा में बेहतर करने के लिए उनके साथ समय बिताने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्हें डांटने की अपेक्षा प्यार से अनुशासन सिखाने की जरूरत है। यह जिम्मेदारी सिर्फ स्कूल की नहीं, बल्कि अभिभावकों की भी है। सीबीएसई ने अभिभावकों के लिए 21 टिप्स जारी किए हैं। इसमें बच्चों को समझाने, शिक्षा का तरीका सिखाने और उनके विकास की जानकारी दी गई है। सीबीएसई की ओर से जारी टिप्स के अनुसार सबसे ज्यादा ध्यान बच्चों के साथ सकारात्मक व्यवहार करने और उन्हें प्यार से अनुशासन सिखाने पर दिया गया है। इससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ने के साथ ही घर का वातावरण भी अच्छा होगा। अगर घर का माहौल तनावपूर्ण होने पर इसका असर बच्चों की शिक्षा और उनके विकास पर पड़ेगा।

### संघर्ष की क्षमता विकसित करें

सीबीएसई ने अपनी एडवाइजरी में कहा, बच्चों के साथ सामान्य व्यवहार करें। उन्हें किसी दोस्त की तरह समझाएं। इससे बच्चे मन की बात आपसे आसानी से कह सकेंगे। अधिकतर बच्चे डर की वजह से अभिभावकों से कुछ बातें नहीं कर पाते हैं। उनके साथ दोस्ती करें, लेकिन उसमें भी एक सीमा रेखा होनी चाहिए। अभिभावकों को बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए। उनको समझने की कोशिश करें और बातों को धैर्यपूर्वक सुनें।

## अचानक निरीक्षण, आईसीयू से लेकर सभी विभागों का निरीक्षण

# हार्मोंस और मांसपेशियों की बीमारी का होगा डीके हास्पिटल में इलाज

## स्वास्थ्य सचिव ने मांगा प्रस्ताव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

हार्मोंस और मांसपेशियों से संबंधित बीमारियों का इलाज आने वाले दिनों में डीके अस्पताल में संभव होगा। इस विभाग के लिए डाक्टर सहित अन्य सुविधाओं को देखते हुए स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने अस्पताल प्रबंधन से प्रस्ताव मांगा है।

- बैठक लेकर मौजूदा उपकरणों और फैकल्टी के बारे में ली जानकारी

कटारिया मंगलवार को अचानक डीके हास्पिटल पहुंचे थे और आईसीयू से लेकर विभिन्न वार्डों में घूमकर व्यवस्था की जानकारी लेते रहे। उन्होंने हॉस्पिटल प्रबंधन की बैठक लेकर मौजूदा उपकरणों और फैकल्टी के बारे में भी जानकारी ली।

अमित कटारिया मंगलवार को दोपहर अचानक डीके सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल पहुंचे। उन्होंने आईसीयू में जाकर भर्ती मरीज और उनके परिजनों से उपचार व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इसके बाद वहां संचालित विभिन्न वार्डों का दौरा किया और वहां मौजूद मरीज, चिकित्सकीय स्टॉफ से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने रेडियोलॉजी एवं पैथोलॉजी, डायलिसिस विभाग का मुआयना किया। हॉस्पिटल के किचन एवं आउटर एरिया का अवलोकन किया।



इस दौरान उन्होंने बताया गया कि हॉस्पिटल में हार्मोंस से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए एंडोक्रिनोलॉजी और मांसपेशियों से संबंधित बीमारियों के उपचार के रूमेटोलॉजी विभाग खोलने की आवश्यकता है। दोनों विभाग के लिए यहां चिकित्सा शिक्षकों के पद स्वीकृत है और प्रदेश के किसी भी शासकीय मेडिकल कालेज में इसकी सुविधा नहीं है। इसकी जानकारी होने पर सचिव कटारिया ने दोनों सुपर स्पेशलिटी विभाग शुरू करने के लिए चिकित्सा अधीक्षक से प्रस्ताव मांगा है।

### उपकरणों और फैकल्टी की ली जानकारी

उन्होंने हास्पिटल में संचालित तमाम विभागों की एचओडी के साथ बैठक कर उपचार व्यवस्था को समुचित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में मौजूदा उपकरणों तथा उपलब्ध फैकल्टी के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। स्वास्थ्य सचिव के साथ बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शिप्रा शर्मा, उप अधीक्षक डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. दक्षेश शाह, डॉ. रमन श्रीवास्तव, डॉ वरुण अग्रवाल, डॉ दीपक सिंह, डॉ अनुराग अग्रवाल, डॉ आशीष गोयंका, डॉ लवलेश राठौर मौजूद थे।

# आधा दर्जन ने छोड़ी सीट, अब जेएन कालेज में 31 सीटें खाली



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस की आवंटित चार सीटें अभ्यर्थियों ने छोड़ दी हैं। अब यहां रिक्त सीटों की संख्या 27 से बढ़कर 31 हो गई है। इसी तरह 2 अन्य ने भी आवंटित सीटों का त्याग किया है। राज्य में दूसरे राउंड में एडमिशन 938 के बजाए 944 सीटों पर दिया जाएगा।

- दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में 938 से बढ़कर 944 हुई सीट

शासकीय जेएनएम मेडिकल कालेज रायपुर में एमबीबीएस की कुल 230 सीटें हैं, जिसमें 189 सीट राज्य कोटे की है। प्रथम दौर में यहां 162 सीटों का आवंटन किया गया था। इसमें से 158 लोगों ने प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की और चार लोगों ने सीटों का त्याग कर दिया। सूत्रों के अनुसार जिन अभ्यर्थियों को सीटों का आवंटन किया गया था। उन्होंने ऑल इंडिया कोटे से मिली सीटों पर एडमिशन लिया और राज्य कोटे की सीटों का त्याग कर दिया। इसी तरह दो अन्य ने भी अपनी आवंटित सीट छोड़ दी। सीटों का त्याग करने वालों से चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 22 सितंबर तक आवेदन मांगा था। मंगलवार को रिक्त सीटों की संशोधित जानकारी प्रकाशित की गई। इसमें एमबीबीएस-बीडीएस की रिक्त सीट 938 से बढ़कर 944 हो गई है। बुधवार को इन सीटों का आवंटन पंजीयन कराने वाले अभ्यर्थियों को किया जाएगा। आवंटित सीटों के लिए दस्तावेजों की जांच और संस्थाओं में प्रवेश की प्रक्रिया 25 से 30 सितंबर के बीच पूरी की जाएगी।

# कटेंगे रामगढ़ पहाड़ी के 4.5 लाख वृक्ष, जैवविविधता के लिए संकट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

आम आदमी पार्टी का जांच दल सरगुजा स्थित रामगढ़ की पहाड़ी में पेड़ों की कटाई और उससे आस-पास के इलाके में हो रहे प्रकृति को नुकसान की जांच करने के लिए पहुंचा। प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रकाश चंद्रा के नेतृत्व में गए जांच दल का कहना है कि अडानी के प्रस्तावित कोल ब्लॉक के लिए 4.5 लाख पेड़ों की कटाई का अनुमान है, जिससे जैव विविधता और हाथियों के प्राकृतिक आवास पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा।

- आम आदमी पार्टी ने राज्य सरकार पर लगाए आरोप

रामगढ़ पर्वत स्थानीय निवासियों और समुदायों के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। यहां भगवान राम ने वनवास के दौरान काफी समय बिताया था और यहां सीता की गुफा और राम जानकी मंदिर समेत अनेक ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहर है। महाकवि कालिदास ने अपने जीवन के महाकाव्य मेघदूत की रचना इसी इलाके में की थी। रामगढ़ पर्वत सरगुजा क्षेत्र के लिए धार्मिक आस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जिससे स्थानीय आदिवासी इसकी सुरक्षा की मांग उठा रहें हैं। आम आदमी पार्टी के जांच दल का कहना है, स्थानीय आदिवासी पुजारीयों और लोगों ने बताया कि पेड़ों की कटाई से पहाड़ी की चट्टानों में दरारें आ रही हैं और अगर जल्द ही ब्लास्टिंग रोकी नहीं गई तो पूरी पहाड़ी की चट्टानें खिसक जाएंगी साथ ही जंगल कटाई से हाथी-मानव संघर्ष के संभावित खतरों के प्रति आगाह किया है।

## बिजनेस साइट

### बुनकर क्रॉफ्ट में ग्रैंड फेस्टिव सेल कोसा सिल्क पर 30% की छूट

**रायपुर।** त्योहारों की रौनक में पारंपरिक परिधानों की बात हो और बुनकर क्रॉफ्ट का नाम न आए, ऐसा हो ही नहीं सकता। पंडरी क्लॉथ मार्केट रायपुर में स्थित बुनकर क्रॉफ्ट ने अपने ग्रैंड फेस्टिव सेल की घोषणा की है, जिसमें पूरे कलेक्शन पर फ्लैट 30% की छूट दी जा रही है। निदेशक शिल्पराज देवांगन ने बताया कि यह सेल केवल छूट नहीं, बल्कि ग्राहकों को परंपरा, गुणवत्ता और लग्जरी का अनुभव देने का प्रयास है। यहां कोसा सिल्क की साड़ियां, सूट, दुपट्टे और फैब्रिक का विशाल और खूबसूरत संग्रह उपलब्ध है, जो हर अवसर को खास बना सकता है। आधुनिक डिजाइन्स और पारंपरिक बुनाई का सुंदर मेल इस कलेक्शन को और भी खास बनाता है। सेल के दौरान बुनकर क्रॉफ्ट रविवार को भी खुला रहेगा। इस त्योहार अपने वार्डरोब में शुद्ध कोसा सिल्क की गरिमा जोड़ें और स्टाइल के साथ परंपरा का जश्न मनाएं।



### रायपुर में मारुति सुजुकी टू वैल्यू का 'नवरात्रि यूज्ड कार कार्निवल' शुरू



**रायपुर।** स्काई ऑटोमोबाइल्स, अवंती विहार में मारुति सुजुकी टू वैल्यू के 'नवरात्रि यूज्ड कार कार्निवल' का भव्य शुभारंभ हुआ। नवरात्रि के पहले दिन से ही ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली, जिससे कार्निवल की सफल शुरुआत हुई। यह आयोजन 30 सितंबर तक चलेगा। कार्निवाल में 50000 से 600000 रुपए तक की 100+ सर्टिफाइड यूज्ड कारें उपलब्ध हैं, जो 376-पॉइंट क्वालिटी चेक के बाद ही बिक्री के लिए रखी गई हैं। मुख्य आकर्षणों में 5000 का क्यूआर ऑफर, 2 लाख तक का जीएसटी डिस्काउंट, स्पॉट फाइनेंसिंग और हर खरीद पर उपहार शामिल हैं। स्काई ऑटोमोबाइल्स पिछले 38 वर्षों से सेंट्रल इंडिया में विश्वसनीय सेवाएं दे रहा है, इस कार्निवल के माध्यम से ग्राहकों को किफायती और गुणवत्ता वाली पुरानी कारें उपलब्ध करा रहा है। यह अवसर पहली कार खरीदने या अपग्रेड करने वालों के लिए बेहद खास है।

### डॉ. बीना गिडवानी चौथी बार विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची में शामिल



**रायपुर।** कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बीना गिडवानी ने एक बार फिर संस्थान को गौरवान्वित किया है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया द्वारा 2025 की टॉप 2% वैज्ञानिकों की वैश्विक सूची में उनका नाम शामिल किया गया है। यह सूची एल्सेवियर आईसीएसआर लैब के माध्यम से शोध, नवाचार और प्रकाशनों के विश्लेषण पर आधारित होती है। डॉ. गिडवानी इससे पूर्व 2022, 2023 और 2024 में भी इस सूची में शामिल रह चुकी हैं। उन्होंने डीएसटी-एसईआरबी, भारत सरकार के तहत पोस्ट-डॉक्टरेट किया है और उन्हें 17 वर्षों का शोध अनुभव है। उनके शोध में नैनो-प्रौद्योगिकी, साइक्लोडेक्सट्रिन, सोलुबिलिटी व मेथड डेवलपमेंट शामिल हैं। संस्थान के प्रबंधन किशोर जादवानी और हरजीत सिंह हूरा, प्रिंसिपल और प्रो. रवींद्र कुमार पांडे, एचओडी फार्मास्यूटिकल क्वालिटी एश्योरेंस प्रोफेसर शिवशंकर शुक्ला और सभी संकायों के सदस्यों ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए डॉ. बीना गिडवानी को बधाई दी है।

# टाउनहॉल का किराया एक दिन का 10 हजार, सरकारी कार्यक्रम के लिए निशुल्क

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

नगर निगम ने शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित टाउनहॉल का रीनोवेशन कराने के बाद इसकी बुकिंग के लिए किराया तय कर दिया है। अब इसका उपयोग सामाजिक, सांस्कृतिक और सामान्य कार्यों के लिए लोग कर सकेंगे। एक दिन की बुकिंग का शुल्क 10 हजार रुपये तय किया गया है। बुकिंग कराने वाले आयोजक को सफाई, रखरखाव की जिम्मेदारी सुनिश्चित कर बिजली बिल स्वयं देना होगा। वहीं सरकारी आयोजन के लिए नगर निगम टाउनहॉल को निःशुल्क उपलब्ध करायेगा, पर बिजली और साफ-सफाई के लिए एक हजार रुपये देना होगा।

- सरकारी कार्यक्रम के लिए नि:शुल्क, सिर्फ सफाई और बिजली का एक हजार रुपए होगा देय




महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई एमआईसी की बैठक में टाउनहॉल के किराया निर्धारण संबंधी प्रस्ताव को परिषद ने मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव के मुताबिक इसका प्रतिदिन के हिसाब से बुकिंग शुल्क 10 हजार रुपये तय किया गया है। साथ ही आयोजकों की सुविधा के लिए प्रति घंटा दर से बुकिंग की अनुमति के लिए 5 हजार रुपये की राशि सुरक्षा निधि के रूप में ली जावेगी, जो कार्यक्रम के बाद वापसी योग्य होगी। यहीं नहीं, टाउनहॉल की सफाई, संधारण और देखरेख कार्य के लिए नगर निगम एक कर्मचारी की नियुक्ति भी करेगा। बुकिंग करने वाले आयोजक को हॉल की सफाई, रखरखाव की जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी, साथ ही बिजली व्यय स्वयं देना होगा।

# स्वाध्यायी विद्यार्थी कल तक कर सकेंगे पंजीयन, कोर्स पूरा होने तक लगानी होगी हाजिरी, तभी होंगे पात्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

ऐसे विद्यार्थी जो निजी परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, उन्हें पंजीयन कराने 25 सितंबर तक का समय दिया गया है। पूर्व में पंजीयन के लिए अंतिम तिथि अगस्त अंत तक निर्धारित थी। रेगुलर स्टूडेंट्स की प्रवेश तिथि बढ़ाए जाने के बाद निजी छात्रों को भी पंजीयन के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है। प्राइवेट स्टूडेंट्स विवि की वेबसाइट में जाकर गुरुवार तक पंजीयन करा सकते हैं। इस दौरान उन्हें संबंधित पाठ्यक्रम और महाविद्यालय का भी विकल्प भरना होगा। पंजीयन समाप्त होने के बाद विवि महाविद्यालयों को सूची प्रेषित करेंगे।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्राइवेट स्टूडेंट्स के लिए भी अनिवार्य है कक्षा में उपस्थिति

छात्रों ने जिस कॉलेज का चुनाव परीक्षा केंद्र के रूप किया है, उसी महाविद्यालय में जाकर उन्हें नियमित कक्षाओं में उपस्थित होना होगा।

### आंतरिक मूल्यांकन व प्रायोगिक परीक्षाएं

अंतिम परीक्षाओं में आंतरिक मूल्यांकन के अंक भी जोड़े जाते हैं। निजी छात्रों को दो बार आंतरिक मूल्यांकन की प्रक्रिया से गुजरना होगा। इसके साथ ही उन्हें प्रोजेक्ट वर्क भी दिए जाएंगे। प्रायोगिक परीक्षाएं भी होंगी। स्वाध्यायी छात्रों के लिए लगाई जाने वाली कक्षाएं पूर्ण होने के बाद मूल्यांकन संबंधित से चरण पूर्ण किए जाएंगे। महाविद्यालय छात्रों के अंक विवि को भेजेंगे। इसके आधार पर विवि अंतिम परिणाम जारी करेगा। आंतरिक मूल्यांकन के पूर्व विवि संबद्ध महाविद्यालयों को छात्रों के रोल नंबर भी प्रेषित करेंगे, ताकि मूल्यांकन कार्य में तकनीकी दिक्कतें ना आएं।

### चुकाने होंगे 1610 रुपए

विवि ने फीस का विवरण भी महाविद्यालयों को प्रेषित कर दिया है। बीए, बीकॉम और बीएससी के छात्रों को 1610 रुपए का भुगतान परीक्षा शुल्क के रूप में करना होगा। इसके अतिरिक्त उन्हें नामांकन शुल्क, आंतरिक मूल्यांकन शुल्क, शारीरिक शिक्षा शुल्क, ऑनलाइन प्रोसेसिंग फीस सहित कई मद मिलाकर 2518 रुपए का भुगतान करना होगा।












हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 24 सितंबर 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## सिटी इवेंट

# जीवनशैली से होने वाले रोगों से बचाव में आयुर्वेद के बताए उपाय



**रायपुर।** शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रायपुर में मंगलवार को दसवां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस बार आयुर्वेद फॉर पीपुल एंड प्लेनेट यानी आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम रखा गया था। इस थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसके तहत रन फॉर आयुर्वेद, विशेषज्ञ व्याख्यान माला, धन्वंतरी पूजन, रक्तदान, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, आम नागरिकों को औषधीय पौधों का निशुल्क विवरण, स्वास्थ्य शिविर, पोस्टर प्रतियोगिता सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के शिक्षकों, चिकित्सकों, छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों ने प्रकृति संरक्षण और आरोग्य हेतु आयुर्वेद में बताए गए आभार, ऋतुचर्या और दिनचर्या को अपनाने की प्रतिज्ञा ली गई।

### रोगों से बचाव और नियंत्रण पर दिया व्याख्यान

केंद्रीय आयुष मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा आयुर्वेद के लोकव्यापी करण एवं जन-जागरूकता हेतु वर्ष 2016 से आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में भारतीय दूतावासों, स्वास्थ्य संगठनों, प्रवासी भारतीय संगठनों द्वारा किया जाता है। गत वर्ष यह 150 से ज्यादा देशों में आयोजित किया गया था और इस वर्ष इसे विस्तारित किया गया है। विशेषज्ञ व्याख्यान में पूर्व प्राचार्य डॉ. आरएन त्रिपाठी ने जीवनशैली और आयुर्वेद पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक जीवनशैली से होने वाले रोगों से बचाव और नियंत्रण पर प्रकाश डाला। इसके अलावा डॉ. सीएस. घाटगे एवं डॉ. सुनीता जैन ने भी विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तुत किया। संपूर्ण आयोजन संस्था के प्राचार्य डॉ. प्रवीण जोशी के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छग आयुर्वेद, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला, जिला आयुष अधिकारी डॉ. नंदा साहू, डॉ. हरिन्द्र मोहन शुक्ला, डॉ. रूपेन्द्र चंद्राकर, डॉ . केएस. करभाल, डॉ. ओपी राउत, डॉ. मनीष पटेल, डॉ. त्रिभुवन सिंह पावले सहित अन्य शिक्षकों, चिकित्सकों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## सिटी लाइव

# बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका, 151 शिक्षकों को पारस रत्न सम्मान



**रायपुर।** पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन द्वारा पारस रत्न शिक्षक सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए 151 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन शिक्षकों को दिया गया, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरंदर मिश्रा (उत्तर विधायक, रायपुर), सुनील सोनी (विधायक, दक्षिण रायपुर), मंजूषा भगत (महापौर, अंबिकापुर), वर्णिका शर्मा (बाल आयोग अध्यक्ष, रायपुर), कमलेश जैन मैनेजिंग ट्रस्टी, शिव पात्रे केंद्रीय लोक शिकायत मंडल अध्यक्ष, शौरीन चंद्रसेनी, राशि त्रिभुवन नगरपालिका महासमुंद, डॉ. उदयभान चौहान सहित अनेक विशिष्टजन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और समाज की दिशा तय करने का माध्यम है।

### शिक्षक ही असली परिवर्तन के वाहक

पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन की अध्यक्ष कविता कुम्भज, सचिव मूलचंद कश्यप, कोषाध्यक्ष राहुल कुम्भज और उपाध्यक्ष ज्योति कुम्भज ने मंच से सभी शिक्षकों को कहा कि शिक्षक ही असली परिवर्तन के वाहक हैं। समारोह के दौरान शिक्षकों को मुख्य अतिथियों व विशिष्टजनों के हाथों ट्रॉफी और प्रशस्तिपत्र प्रदान किए गए। सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और शिक्षकों ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। समापन अवसर पर पारस ग्रुप ऑफ फाउंडेशन ने घोषणा की कि संस्था भविष्य में भी इसी तरह के आयोजनों के माध्यम से शिक्षा, सामाजिक सरोकार और सकारात्मक मूल्यों को बढ़ावा देने का कार्य करती रहेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव पटना में दीनदयाल पढ़ेंगे छत्तीसगढ़ी कहानी



रायपुर। साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा एशिया के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव उन्मेश 2025 का आयोजन 25 सितंबर से 28 सितंबर तक रविंद्र भवन पटना में हो रहा है। यह आयोजन भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय और बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है। चार दिवसीय आयोजन में देश-विदेश के कथाकार, उपन्यासकार, शोधार्थी और साहित्य जगत से जुड़ी प्रतिभाओं को आमंत्रित किया गया है। कई सत्रों में होने वाले इस कार्यक्रम में 24 भाषाओं के अलावा 70 आदिवासी जातियों के लेखक भी शामिल होंगे। महोत्सव में छत्तीसगढ़ी कहानी वाचन के लिए दीनदयाल साहू आमंत्रित किए हैं। श्री साहू के दो छत्तीसगढ़ी कहानी संग्रह अंजोर और एक लोटा पानी प्रकाशित हैं, जिसमें एक लोटा पानी कहानी पं. रविशंकर शुक्ल विश्विद्यालय रायपुर के एमए छत्तीसगढ़ी पाठ्यक्रम में शामिल की गई है। वर्तमान में वे हरिभूमि अखबार रायपुर में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति पर आधारित फीचर अंक चौपाल का संपादन कर रहे हैं।

## हरिभूमि-आईएनएच न्यूज मीडिया पार्टनर, बीटीआई ग्राउंड के गरबा में जमकर थिरके युवा

# गरबा की धुन पर माता की आराधना घंटों गुजराती-हिंदी गीतों पर झूमे



*रायपुर। हरिभूमि और आईएनएच न्यूज मीडिया पार्टनर बीटीआई ग्राउंड में आयोजित संकल्प नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव समिति के रास गरबा के दूसरे दिन हर कोई मां अम्बे की भक्ति में लीन नजर आया। मैदान में जगमगाती रोशन के साथ देर रात तक हाई बीट्स म्यूजिक के साथ युवा कदमताल करते नजर आए। पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे प्रतिभागियों ने गरबा में जमकर उत्साह दिखाया। रात 8 बजे सदस्यों ने माता की आरती की। इसके बाद रास गरबा प्रारंभ हुआ। आरती के बाद जैसे ही गरबा की धुन शुरू हुई, प्रतिभागियों के कदम थिरकने लगे। जैसे-जैसे म्यूजिक की रिदम तेज होती गई, गरबा सर्कल में भी जोश और स्पीड बढ़ती रही।*

### डिफरेंट लुक से खींचा ध्यान

कार्यक्रम में ढोलिना ढोल.., छोगाड़ा तारा.., हे नाम रे.., राधा ने श्याम...जैसे गाने ट्रेंडिंग में रहे। गरबा को लेकर युवाओं की एनर्जी देखते ही बनी। अलग-अलग स्टेप में चार से पांच घंटे लगातार गरबा नृत्य किया। प्रतिभागी डिफरेंट लुक और स्टाइल में गरबा करते नजर आए। निर्णायकों को आकर्षित करने गरबा प्रतिभागी विभिन्न वेशभूषा में पहुंचे। युवक-युवतियां साफे, मुकुट, पारंपरिक पगड़ी और टोपियां पहनकर आए थे। गरबे के साथ लोगों ने फूड जोन में व्यंजनों का मजा लिया।





### युवाओं ने लगाई चौकड़ी-छकड़ी

गरबा में युवाओं के साथ के लोग परिवार के साथ पहुंचे। पारंपरिक वेशभूषा में सामूहिक रूप से चौकड़ी, छकड़ी, तीन ताल और सनेड़ो को पूर्णतः पारिवारिक माहौल में खेल गया। गुजराती गीतों और पुराने गानों के साथ माता की आराधना करते हुए गरबा नृत्य किया गया। कार्यक्रम में इसके बाद तू प्यार का सागर है.., श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम.., गंगा मैया, जय-जय संतोषी माता, नदी किनारे... जैसी धीमी बीट्स के गीतों पर पर पारंपरिक गरबा किया गया। वहीं गुजराती गीतों पर गरबा और डांडिया ने रंग जमाया। रास-उल्लास की इस खूबसूरत रात में सनेड़ो...सनेड़ो, भाई-भाई जैसे गरबा फॉर्म में फ्री स्टाइल की भी धूम मची।

# वेस्ट मटेरियल से तैयार कीं सजावटी वस्तुएं, बच्चों ने दिखाया हाथों का हुनर

कार्डबोर्ड, पेपर, टूटी बोतलों से घर सजाने बनाईं आकर्षक वस्तुएं

रायपुर। भारतीय रेलवे द्वारा इस वर्ष 17 सितंबर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' 2025 अभियान को "स्वच्छोत्सव" के रूप में पूरे देशभर में भव्य रूप से मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। रेलवे स्कूल के विद्यार्थियों ने वेस्ट मटेरियल से कई सजावटी वस्तुएं बनाईं। उन्होंने अपनी प्रतिभा और रचनात्मक कौशल का परिचय देते हुए आकर्षक मॉडल, उपयोगी घरेलू सामान एवं कलात्मक डिजाइंस तैयार कीं। बच्चों और मंडल के कर्मचारियों ने बीसीएन डिपो परिसर में उपलब्ध वेस्ट मटेरियल का उपयोग कर अनुपयोगी वस्तुओं का सही उपयोग कर कलात्मक रूप दिया। उन्होंने कार्डबोर्ड, पेपर, कौड़ी, धागे, लोहे, टूटी बोतलों से घर सजाने की कई वस्तुएं तैयार कीं। "स्वच्छता ही सेवा 2025" अभियान के अंतर्गत मंगलवार को स्वच्छोत्सव कार्यक्रम के तहत बिलासपुर स्टेशन परिसर में स्टॉल लगाकर वेस्ट मटेरियल से बनीं कलाकृतियों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की गई।



### घर सजाने के लिए तोरण और फ्लॉवर पॉट

*वेस्ट मटेरियल से बच्चों ने रेलगाड़ी बनाई, जिसमें सूर्यास्त होते हुए दिखाया गया, फ्लॉवर पॉट, शुभ-लाभ, हेयर क्लिप, तोरण, लोहे से विभिन्न स्टैचू, की-चेन आदि कलाकृतियां बनाईं। सभी वस्तओं के दाम 50 से 400 रुपए तक रखे गए, जिससे कोई भी आसानी से खरीद सके।*

### आज होगा डोर-टू-डोर कार्यक्रम

प्रदर्शनी में यात्रियों एवं आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रस्तुत कलाकृतियों की सराहना करते हुए उन्हें खरीदा। इस क्रियाशील पहल से प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ा तथा "स्वच्छ भारत" के संकल्प को और अधिक गति मिली। रेलवे प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार की पहल से स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण जागरूकता और नवाचार की संस्कृति को समाज में बढ़ावा मिलेगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के आठवें दिन स्वच्छता से संबंधित डोर-टू-डोर कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता के महत्व को बताते हुए स्टेशन परिसर और कॉलोनियों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# महाराष्ट्र मंडल की सालगिरह पर 'मैं अनिकेत हूं' नाटक का मंचन

3 अक्टूबर से तीन दिवसीय समारोह का आयोजन



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की 90वीं सालगिरह पर तीन दिवसीय समारोह का आयोजन 3 अक्टूबर से किया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन 4 अक्टूबर को 1 घंटे का नाटक मंचन संत ज्ञानेश्वर सभागृह के कुमुदिनी वरवंडकर रंगमंच पर आयोजित किया जा रहा है। मराठी और हिंदी रंगमंच के वरिष्ठ रंगसाधक शशि वरवंडकर हिंदी नाटक 'मैं अनिकेत हूं' में केंद्रीय भूमिका अनिकेत को साकार करेंगे। साथ ही पहली बार निर्देशक के रूप में सामने आ रहे हैं। नाटक में अपने अस्तित्व को दोबारा प्रतिष्ठित करने के लिए युवक के रूप में शशि वरवंडकर अभिनय कर रहे हैं। उनके साथ डॉ. अनुराधा दुबे, प्रकाश खांडेकर, दिलीप लांबे, रंजन मोडक, चेतन दंडवते, डॉ. प्रीता लाल, रविंद्र ठेंगड़ी, समीर टल्लू, भारती पलसोदकर, पंकज सराफ, श्यामसुंदर खंगन, डॉ. अभया जोगलेकर नाटक में मुख्य भूमिका निभाएंगे।

## फेस्टिवल सीजन में घर के इंडोर व आउटडोर एरिया को जगमग रोशनी से सजा-संवार रहे

# घर को दीया बल्ब, स्टार पर्दा एलईडी, झूमर से आकर्षक इलेक्ट्रॉनिक्स डेकोरेट करने का ट्रेंड

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** फेस्टिवल सीजन में घर के इंडोर व आउटडोर एरिया को जगमग रोशनी से बिजली के बचत के साथ डोकोरेट कराने का ट्रेंड चल रहा है। ऐसे में ग्रीन एनर्जी वाली होम डेकोरेटिव लाइट्स की डिमांड बढ़ी है। शहर के इलेक्ट्रॉनिक्स होम इंटीरियर डिजाइनर विवेक सारथी का कहना है कि गार्डन से लेकर बेडरूम, किचन, प्रवेश द्वार, डायनिंग रूम, बैठक हॉल को फेस्टिव के अनुरूप सजाने का काम स्टार्ट हो गया है। आजकल एलईडी के जीरो बिजली खपत वाले होम डेकोरेशन में डेकोरेटिव लाइट का काफी ट्रेंड देखने को मिल रहा है। फेस्टिवल सीजन पर सजावट और घर को नया और ट्रेंडी सा स्टाइलिश लुक देने के लिए लोग नए-नए आइडियाज ढूंढते रहते हैं। ऐसे में दीया एलईडी सेट एक शानदार और अट्रैक्टिव दिखने वाली लाइटिंग है, जिसे खासतौर पर त्योहारों, पार्टियों या खास अवसरों के लिए डिजाइन किया गया है। यह एलईडी सेट लगाने से घर की सुंदरता और रोशनी बढ़ जाती है। शहर की कालोनियों में निवास करने वालीं घरों में महिलाएं अभी से अपने घरा में रोशनी और सजावट को लेकर तैयारी शुरू कर दी हैं। ऐसे में शहर के गोलबाजार, जयस्तंभ चौक, संतोषीनगर स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर सजावटी इलेक्ट्रॉनिक्स लाइट खरीदने लोगों की भीड़ दिख रही है।





### डेकोरेटिव लाइट्स की कीमत

जय स्तंभ चौक स्थित इलेक्ट्रॉनिक शॉप के विक्रेता आर्यमन गुप्ता ने बताया कि 100 रुपए से लेकर 5000 रुपए तक की कीमत में एलईडी लाइट्स आकर्षक डिजाइन मोमबत्ती लाइट्स, दीया लाइट्स, झूमर, कैप्सुल झालर लाइट्स बाजार उपलब्ध हैं। फेस्टिव सीजन में इन होम डेकोरेटिव लाइट्स की काफी डिमांड चल रही है। होम डेकोर डिजाइनर्स इन लाइट्स को ही कैरी कर रहे हैं।

### दीया एलईडी लाइट

दीया एलईडी लाइट दीपक की डिजाइन में आती है, जो टेड्रिशनल दीयों की तरह दिखती है। पोर्टेबल यह सेट आसानी से कहीं भी रखा जा सकता है, जिससे इसे कई जगहों पर सजाने में सुविधा होती है। फेस्टिवल, शादी, पार्टी समेत किसी भी समारोह के दौरान सजावट के लिए इसका उपयोग किया जा सकता है।

### स्टार पर्दा रोशनी लाइट

स्टार पर्दा रोशनी तांबे की तार, मटेरियल से बनी होती है और कभी भी गर्म नहीं होती, चाहे आप उन्हें कितनी भी देर तक रखें। 12 चमकती स्टारबर्स्ट स्ट्रिंग लाइट्स एक खूबसूरत और आकर्षक सजावट करने का बेस्ट ऑप्शन है, जो आपके किसी भी अवसर को खास बनाने के लिए डिजाइन की गई है।

### आउटडोर स्ट्रिंग लाइट्स

इस लाइट्स का उपयोग कई खास अवसरों जैसे त्योहारों, जन्मदिन, शादी या पार्टियों के लिए बेस्ट होता है। इन्हें घर के अंदर या बाहर सजाने के लिए आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है। आउटडोर स्ट्रिंग लाइट्स 25 फीट राउंड की ग्लोब लाइट्स एक अट्रैक्टिव और प्रभावी सजावट का ऑप्शन है, जो खास रूप से बाहरी यूज के लिए डिजाइन की गई हैं। ये लाइट्स फेस्टिवल सीजन में गार्डन, आंगन या किसी भी आउटडोर इवेंट को रोशन करने के लिए एक शानदार लाइट डेकोरेशन हैं।

दुर्गोत्सव



नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, कबीर चौक



माँ दुर्गा मंदिर समिति, कुशालपुर



शारदा चौक स्थित दुर्गा मंदिर समिति



एकता युवा दुर्गोत्सव समिति पटेल चौक, टिकरापारा



कन्या भोजन की थीम पर रामकुंड जनकल्याण समिति आश्रम चौक



नवयुवक संकल्प सेवा समिति सिद्धार्थ चौक



अष्टविनायक दुर्गोत्सव समिति गणपति विहार चंगोराभाठा



जय छत्तीसगढ़ दुर्गोत्सव समिति, डूण्डा



पुरोहित बाड़ा दुर्गोत्सव समिति बुढ़ापारा



न्यू आदर्श दुर्गोउत्सव समिति शिव मंदिर आंबेडकर चौक छत्तीसगढ़ नगर

● शहर में 50 साल से अधिक पुरानी समितियां नवरात्रि पर नवदुर्गा के स्वरूपों की 9 दिनों तक कर रहीं उपासना

# तीन पीढ़ियों से दुर्गोत्सव समितियां शक्ति की भक्ति का केंद्र, लक्ष्मी माता-भारतमाता थीम पर विराजित की प्रतिमाएं

शारदीय नवरात्रि पर्व पर शहर में चारों ओर नवदुर्गा की भक्ति-आराधना से वातावरण भक्तिमय हो चला है। इसमें ऐतिहासिक दुर्गोत्सव समितियों का योगदान प्रमुख है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी दुर्गा पूजा की परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं। शहर में ऐसी दर्जनों दुर्गोत्सव समितियां हैं, जो इस वर्ष दुर्गोत्सव का 50 वां वर्ष यानी गोल्डन जुबली मना रही हैं। इन समितियों के सदस्य हर वर्ष दुर्गा पंडालों तक श्रद्धालुओं को आकर्षित करने थीम बेस्ड नवदुर्गा प्रतिमाएं अलग-अलग स्वरूपों में विराजित करते हैं।

## छत्तीसगढ़ नवदुर्गा समिति कंकाली नाका चौक का 54वां वर्ष

छत्तीसगढ़ नवदुर्गा समिति कंकाली नाका चौक के संयोजक एकांश शर्मा ने बताया कि दुर्गोत्सव का यह 54 वां वर्ष है। यह समिति की सेवा का तीसरी पीढ़ी है, जो लगातार 54 वर्षों से नवदुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर 9 दिनों तक हर शारदीय नवरात्रि पर माता की भक्ति आराधना करती है और माता के भक्तों के लिए शक्ति की भक्ति का केंद्र बनती रही है। संयोजक ने बताया कि इस बार मिशन सिंदूर थीम पर माता की प्रतिमा को



भारतमाता स्वरूप में विराजित किए हैं। समिति के सदस्यों सहित माता के दर्शन व पूजा-अर्चना करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। समिति के अध्यक्ष हर्ष पांडे, कोषाध्यक्ष राहुल उपाध्याय सहित समिति के सभी सदस्य माता की सेवा भक्ति में लगे हुए हैं।

## सार्वजनिक बंगाली दुर्गा पूजा समिति सेक्टर-2 शंकर नगर

यह दुर्गा पूजा समिति भी शहर में एक पुरानी और जानी-पहचानी समिति है। इसके अलावा महामाया मंदिर दुर्गोत्सव समिति, संघर्ष दुर्गोत्सव समिति भी ऐतिहासिक दुर्गोत्सव समितियां हैं।




युवा शक्ति समिति हनुमान नगर मठपारा में मोर महतारी थीम पर विराजमान माता की प्रतिमा

रायपुर। इस साल इन समितियों के दुर्गा पंडालों व मंदिर प्रांगण में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं में लक्ष्मीजी का स्वरूप तो कहीं भारतमाता का स्वरूप स्थापित किया है। पुरानी बस्ती, महामाया मंदिर, कंकालीपारा, रावांभाठा, गुढ़ियारी, भाठागांव, कुशालपुर समेत अन्य क्षेत्रों में ऐतिहासिक दुर्गोत्सव समितियों द्वारा हर साल की भांति इस साल भी माता की भव्य व थीम बेस्ड प्रतिमाएं विराजित कर दर्शन, पूजा-उपासना की जा रही हैं। ऐसी ही कुछ ऐतिहासिक दुर्गा समितियों के सदस्यों से हरिभूमि की टीम ने बातचीत कर उनकी समिति के इतिहास, गतिविधियों, प्रतिमाओं की थीम आदि के बारे में जानकारी जुटाई।

## कंकाली मंदिर नवयुवक समिति का 50वां वर्ष

कंकाली मंदिर नवयुवक समिति इस साल दुर्गोत्सव का 50वां वर्ष मना रही है। समिति के सदस्य रवि सोनी ने बताया कि यह समिति का गोल्डन जुबली वर्ष है। दूसरी व तीसरी पीढ़ी के सदस्य समिति में शामिल होकर दुर्गोत्सव की ऐतिहासिक परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। इस बार मातारानी की प्रतिमाएं व सजावट जगन्नाथ पुरी के थीम पर की गई है। माता का भव्य स्वरूप भक्तों को आकर्षित कर रहा है।

## बंगाली दुर्गा पूजन का यह 93वां साल

कालीबाड़ी बंगाली दुर्गोत्सव समिति का उत्सव षष्ठी तिथि से प्रारंभ होगा। कालीबाड़ी में कोलकाता के कालीमाता मंदिर के स्वरूप में आकर्षक झांकी मुख्य प्रवेश द्वार पर बनाई गई है। यहां मां दुर्गा, लक्ष्मीजी, सरस्वती माता के साथ गणेशजी और कार्तिकेय भगवान की मूर्तियां तैयार की जा रही हैं। बंगाली दुर्गा पूजन का यह 93वां साल है।



## नवभारत दुर्गोत्सव समिति नवभारत चौक का 48वां वर्ष

नवभारत दुर्गोत्सव समिति नवभारत चौक के अध्यक्ष जुगल किशोर तंबोली ने बताया कि दुर्गोत्सव का यह 48वां वर्ष है। यह समिति की सेवा का तीसरी पीढ़ी है, जो लगातार 48 वर्षों से नवदुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर 9 दिनों तक हर शारदीय नवरात्रि पर माता की भक्ति आराधना करती आ रही है और माता के भक्तों के लिए शक्ति की भक्ति का केंद्र बनता रही है। अध्यक्ष ने बताया कि वे 10 वर्ष के उम्र से समिति के सदस्य हैं। इस साल मेरी उम्र 58 साल पूर्ण हुई है। मैं जब 10 साल का था, तब बड़े लोगों के साथ समिति के कार्य में योगदान देता था। धीरे-धीरे समिति से जुड़ गया और इतना रम गया कि अब अध्यक्ष के तौर पर नवरात्रि पर नवदुर्गा पूजा की परंपरा को आगे बढ़ा रहा हूं। मैं अपनी कम उम्र में ही समिति की सेवा में निरंतर लगा हूं, समिति से दूसरी व तीसरी पीढ़ी के सदस्य भी जुड़कर माता की सेवा का जिम्मा उठा रहे हैं। इस बार समिति द्वारा माता की प्रतिमा की थीम लक्ष्मीजी के स्वरूप में विराजित किए हैं। समिति के सदस्यों सहित माता के दर्शन व पूजा-अर्चना करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

गुरुकुल महिला महाविद्यालय में हिंदी काव्य पाठ और प्रश्नोत्तरी में दिखाई प्रतिभा

# छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति से बांधा समां, हास्य कविताओं से गुदगुदाया

रायपुर। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत गुरुकुल महिला महाविद्यालय में मंगलवार को 'हास्य काव्य पाठ एवं प्रश्नोत्तरी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्राओं में हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और साहित्यिक रुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के सभागार में शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति के साथ की गई, जहां छात्रा सृष्टि चटर्जी ने अपने मनमोहक प्रस्तुति से समां बांधा, जहां दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं। इस दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक काव्य पाठ में भाग लिया, उन्होंने अपनी स्वरचित कविताओं के साथ-साथ हिंदी के प्रसिद्ध कवियों की हास्य कविताओं का सस्वर पाठ किया। इस सत्र में तानिया सेन ने प्रथम, हर्षिका ने द्वितीय और टी. महिष्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया।



## हिंदी भाषा सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय से सहायक प्राध्यापक डॉ. कविता वैष्णव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, हिंदी भाषा सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक है। वर्तमान समय के वैश्विक युग में हिंदी भाषा को संजोना और इसके सुंदर उपयोग को बढ़ावा देना हम सभी की जिम्मेदारी है। वहीं हिंदी भाषा के सामाजिक, सांस्कृतिक और रोजगार के क्षेत्र में बढ़ते महत्व की जानकारी भी संबोधन सत्र के दौरान विद्यार्थियों को दी गई। इस दौरान सभागार में दो सौ से अधिक छात्राओं की उपस्थिति दर्ज की गई, जिसमें सभी एक-दूसरों को प्रोत्साहित कर प्रतियोगिता में हिस्सा लेती दिखीं।

## 511 महिलाओं ने किया मंगल पाठ, गरबा में मचेगी कोलकाता ग्रुप की धूम

रायपुर। गुढ़ियारी रास गरबा उत्सव समिति मारुति मंगलम में प्रतिवर्ष की तरह मंगलवार को नवरात्रि के अवसर पर श्री राणी सती दादी का 511 महिलाओं द्वारा सती पाठ किया गया। इस दौरान भक्ति गीत व भजनों से माता की आराधना की गई। समिति के सदस्य विकास सेठिया ने बताया कि समिति द्वारा रास गरबा का भी भव्य आयोजन किया जाता है। इसमें विशेष प्रस्तुति हर्षिता डिगानिया एंड ग्रुप कोलकाता की रहेगी। यह 8 दिवसीय आयोजन है। खास बात ये भी है कि रास गरबा में प्रतिदिन डायमड रिंग ईनाम में दी जाएगी। इसके अलावा 51000 रुपए का नकद पुरस्कार भी



दिया जाएगा। साथ ही पारिवारिक माहौल में पारंपरिक वेशभूषा में लाइव बैंड के साथ गरबा होगा। आयोजन में विशेष सहयोग श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ियारी का है।

# वो बीते दिन याद हैं...पुराने दोस्त मिले, याद किए कॉलेज के दिन



रायपुर। पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में पुराने छात्रों के लिए मंगलवार को एलुमनी मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन में आते ही सभी ने एक-दूसरे को गले लगाते हुए पुराने दिनों की यादें ताजा कीं। किसी ने सहपाठी को पुराने नाम से पुकारा तो किसी ने डिपार्टमेंट की सीट पर बैठकर किस्से-कहानियां सुनाईं। कॉलेज के कॉरिडोर में मस्ती, क्लास की हंसी, दोस्तों के साथ खाना सारी यादें ताजा हो गईं। कोई कैंटीन की चाय को याद कर रहा था तो कोई परीक्षा की रातभर की पढ़ाई। वहीं कुछ अपने पसंदीदा शिक्षकों के साथ बिताए लम्हों को साझा कर भावुक हो उठे।

## कथक और नुक्कड़ नाटक से पूर्व छात्रों का स्वागत

कार्यक्रम के दौरान वर्तमान छात्रों द्वारा स्वागत में कथक और नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुत दी गई। समाजकार्य विभाग के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के समस्त त्योहारों की झलकियां दिखाई गईं। कॉमर्स के छात्रों द्वारा ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया। पूर्व छात्रों ने अपने महाविद्यालय के अनुभवों को साझा किया और अपने शिक्षकों से मिले। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के निर्देशक डॉ. वींके अग्रवाल शामिल रहे। उन्होंने महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि पूर्व छात्र ही महाविद्यालय की नींव होते हैं, वही नए छात्रों के प्रेरणास्रोत होते हैं। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय के प्रमुख अंग की तरह होते हैं एलुमनी। पूर्व छात्रों से ही महाविद्यालय की छवि बनती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन की बधाई देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र कुमार राजपूत ने कहा कि पूर्व छात्रों से मिलकर बहुत अच्छा लगा।

अब बच्चों को सलाह नहीं, बल्कि माता-पिता के भरोसे और साथ की जरूरत

# पैरेंट्स की ख्वाहिशें बोझ न बनें, घर पर तानों के चलते बच्चों और बड़ों की भी हो काउंसिलिंग

कार्नर न्यूज

रायपुर। 'बड़ा होकर मेरा बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, बिजनेसमैन, सीए या सरकारी कर्मचारी बनेगा' यह सिर्फ सामान्य वाक्य नहीं, बल्कि अधिकांश माता-पिता की बड़ी ख्वाहिश होती है, लेकिन समय के साथ यही ख्वाहिशें बच्चों के लिए एक बोझ बन जाती हैं। अक्सर पैरेंट्स बचपन से ही बच्चों के भविष्य का पूरा ढांचा तैयार करते हैं कि बच्चे को किस क्षेत्र में कॅरियर चुनना चाहिए, क्या बनना है और किस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। ऐसे में वे यह भूल जाते हैं कि बच्चे की भी अपनी सोच और इच्छा होती है। ऐसे में बच्चे अक्सर दोराहे पर खड़े रह जाते हैं। या तो वे बिना कुछ कहे माता-पिता की बात मान लेते हैं और भीतर ही भीतर दबाव में जीते हैं या फिर उनकी बातों का विरोध करते हैं, जिससे घर में मतभेद और मनमुटाव बढ़ता जाता है। जब वे अपनी पसंद जाहिर करते हैं और माता-पिता की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं चलते तो अक्सर ताने सुनने पड़ते हैं या फिर उपेक्षा और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है।



## माता-पिता का झगड़ा, बच्चों के मानसिक तनाव का कारण

मनोवैज्ञानिक डॉ. अनीता धागमवार ने बताया कि आज के समय में माता-पिता अपनी बढ़ती अपेक्षाओं के चलते बच्चों की असफलता को स्वीकार नहीं कर पाते। नतीजतन वे बच्चों पर दबाव बनाना और ताने देना शुरू कर देते हैं, जिससे बच्चे खुद को अकेला महसूस करने लगते हैं। डॉ. धागमवार के अनुसार, ऐसे मामलों में पैरेंट्स को बेहतर पैरेंटिंग के लिए काउंसिलिंग दी जाती है, जिसमें उन्हें घर का माहौल दोस्ताना रखने, बच्चों के साथ बेहतर शब्दों में बातचीत और एक संतुलित तालमेल बनाए रखने की सलाह दी जाती है। अधिकतर समस्याएं उन परिवारों में पाई जाती हैं, जहां माता-पिता के बीच लगातार आपसी झगड़े होते रहते हैं। इसका सीधा असर बच्चों की मानसिक स्थिति पर पड़ता है। अब बच्चों को सलाह नहीं चाहिए, उन्हें बस यह भरोसा चाहिए कि परिणाम चाहे जैसा भी हो, माता-पिता उनके साथ हैं। यह समस्या 8वीं-9वीं कक्षा के छात्रों में देखने को मिल रही, इसका एकमात्र समाधान बच्चों के साथ बेहतर संवाद और भरोसे का रिश्ता कायम करना है।

## क्या है समाधान?

इस तरह की मानसिक स्थितियों में स्पेशल थैरेपी और काउंसिलिंग की जरूरत होती है, जो धीरे-धीरे बच्चों को मानसिक रूप से स्वस्थ और संतुलित बनाने में मदद करती है। साइकोथेरेपिस्ट पूर्वा जैन के अनुसार, अगर समय रहते बच्चों की भावनात्मक जरूरतों को समझा जाए और घर का माहौल सुरक्षित व सहयोगी बनाया जाए, तो न केवल बच्चे स्वस्थ मानसिक विकास कर सकते हैं, बल्कि आगे चलकर बेहतर सामाजिक और व्यक्तिगत रिश्ते भी निभा सकते हैं।

## अस्पताल में 12-19 साल तक के बच्चों में समस्या अधिक

आंबेडकर अस्पताल की मनोवैज्ञानिक डॉ. सुरभि दुबे ने बताया कि इन दिनों 'बच्चा पढ़ाई नहीं कर रहा' यह माता-पिता की सबसे आम और बड़ी समस्याओं में से एक बन चुकी है। यह समस्या खासकर 12 से 19 वर्ष की उम्र के स्कूली छात्रों में अधिक देखने को मिल रही है। काउंसिलिंग के दौरान बच्चे बताते हैं कि वे मानसिक रूप से थक चुके हैं। "सुबह 8 घंटे स्कूल, 2 घंटे ट्यूशन और 2 घंटे दूसरी क्लास में जाना होता है। इसके बाद हमारे पास खेलने या दोस्तों के साथ समय बिताने तक का समय नहीं बचता। फिर भी माता-पिता हमसे खुश नहीं होते और लगातार ज्यादा मेहनत करने को कहते हैं।" ऐसी स्थिति में बच्चों में तनाव, चिड़चिड़ापन और आक्रामकता जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। अस्पताल में हर सप्ताह ऐसे 4–5 बच्चे काउंसिलिंग के लिए आते हैं, जो पढ़ाई के दबाव और मानसिक तनाव से जूझ रहे होते हैं। डॉ. दुबे ने बताया कि ऐसे मामलों में सुधार लाने में 3 महीने से 1 साल तक का समय लग सकता है। यदि आक्रामकता अधिक हो जाए तो कभी-कभी दवा देने की भी जरूरत पड़ जाती है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में छत्तीसगढ़ और विदर्भ की पहले दिन शानदार जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ कप 2025 तृतीय संस्करण - सीनियर वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट 2025 रविवार से शुरू हुआ। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, बंगाल, झारखंड तथा विदर्भ की टिमें हिस्सा ले रहीं । पहले दिन छत्तीसगढ ने जीत हासिल की। रविवार को छत्तीसगढ का मुकाबला मध्य प्रदेश के साथ शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सुबह 9 बजे से हुआ। मध्य प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट खोकर 152 रन बनाये। त्तीसगढ की शुरुवात अच्छी रही, पहले विकेट के लिये ऐश्वर्या ने 19 रन तथा नेहा ने 37 रन बनाये। उनके अतिरिक्त कृति गुप्ता ने 57 रन तथा प्रीति यादव ने नाबाद 35 रनों की पारी खेली। मध्य प्रदेश की ओर से वैष्णवी शर्मा तथा हनी यादव ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मध्य प्रदेश टीम 19.5 ओवरों में 100 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। मध्य प्रदेश की ओर से अनुष्का शर्मा ने सर्वाधिक 34 रन तथा कल्याणी जाधव ने 18 रनों योगदान दिया। छत्तीसगढ के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुये मध्य प्रदेश के बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर रखा तथा बडी पारी खेलने से रोके रखा। छत्तीसगढ की ओर से महक नरवसे ने 3 विकेट प्राप्त किये। अदिति पनवार तथा प्रीति यादव ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 35 नाबाद रन तथा 2 विकेट लेने वाली प्रीति यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। छत्तीसगढ ने 5 रनों से मैच जीत लिया। दूसरा मैच झारखंड तथा विदर्भ के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में दोपहर 1.15 बजे से खेला गया। विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये में निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट खोकर 145 रन बनाये। विदर्भ की ओर से भारती फुलमाली ने सर्वाधिक 53 रन बनाये। साथ ही ऋद्धि नायक ने नाबाद 45 रनों का योगदान दिया। झारखंड की ओर से चांदमुनी तथा शम्पी कुमारी ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड टीम 19.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 71 रन ही बना सकी। झारखंड की ओर से विजेता ने 22 रन तथा पलक ने 12 रनों योगदान दिया। वही विदर्भ की ओर से कोमल ने 3 विकेट तथा आयुषी ठाकरे ने 2 विकेट प्राप्त किये। भारती फुलमाली ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। विदर्भ ने 74 रनों से मैच जीत लिया।

### सेक्टर-1 बॉक्सिंग क्लब से तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**भिलाई।** सेक्टर-1 बॉक्सिंग क्लब से तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। कोच कुलदीप सोनकर ने बताया कि 16 सितम्बर से 18 सितम्बर तक राज्य स्तरीय स्कूल स्तर की फाइनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता रायपुर में हुई थी। इस प्रतियोगिता में सेक्टर-1 क्लब से भाग लेने वालों में शासकीय उ.मा.विद्यालय केम्प-1 में अध्ययनरत रिया आत्मज कमलेश ने 14-17 ग्रुप में 42 से 46 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया । उ.मा. विद्यालय केम्प-2 में अध्ययनरत सुदेश खोब्रागढ़े आत्मज संतोष दुर्गा ने 16-17 ग्रुप में 46-48 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सेंट जॉन उ.मा. विद्यालय, रामनगर में अध्ययनरत अभिराज साव आत्मज उदय साव ने 17-19 ग्रुप में 46 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इन तीनों छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर उत्तराखंड में 25 अक्टूबर से आयोजित राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

### म्यूथाई अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए खिलाड़ी



**रायपुर।** विवेकानंद मार्शल आर्ट्स फिटनेस फेडरेशन द्वारा म्यूथाई का अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर 19 से 21 सितंबर तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में थाईलैंड के ग्रैंड मास्टर सुफान तथा जापान की कोच मामी सातो के मार्गदर्शन में प्रदेश के खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय एवं वर्ल्ड चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया।

#### आंखों से संबंधित विकार प्रेसबायोपिया की समस्या बढ़ रही लगातार

# करीब का देखने में परेशानी है तो जल्द करवाएं उपचार क्योंकि आपकी आंखें हैं इस दुनिया का सबसे बड़ा उपहार

प्रेसबायोबिया आंखों से जुड़ी एक बीमारी जिसमें आंखों की करीब वस्तुओं पर फोकस करने की क्षमता कम हो जाती है। प्रेसबायोपिया आंखों से संबंधित एक विकार है। इस शब्द को ग्रीक शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ होता है बूढ़ी आंख, यह एक ऐसी स्थिति होती है जब आपकी धीरे-धीरे चीजों को करीब से स्पष्ट रूप से देखने की क्षमता खो देती है। इस स्थिति में नजदीकी वस्तुओं पर तेजी से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता धीरे-धीरे खत्म हो जाती है। आमतौर पर यह 40 से 45 साल की उम्र में शुरू होती है और समय के साथ बिगड़ती जाती है।

यह बाकी उम्र से संबंधित दृष्टि समस्याओं जैसे अंधापन, हाइपरोपिया मायोपिया से अलग है। यह एक प्राकृतिक परिवर्तन है जो लगभग सभी लोगों को प्रभावित करता है। इसको लेकर हमने हेल्थ एक्सपर्ट से बाती है। प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. डीएम भावनानी इस बारे में जानकारी दे रहे हैं।



### प्रेसबायोपिया के लक्षण

छोटी लेखन सामग्री पढ़ने में कठिनाई होती है, खासकर अगर रोशनी बहुत कम है। जब आपको यह बीमारी होती है तो आप अपने स्मार्टफोन या किसी भी किताब, मेनू , लेबल को अधिक स्पष्ट रूप से देखने के लिए अपनी आंखों से दूर रखते हैं। कोई नजदीकी काम करते हैं या कुछ नजदीक रखकर पढ़ते हैं तो इसे सिर में दर्द और आंखों में तनाव होना।

### प्रेसबायोपिया के कारण

आंखों की उम्र बढ़ाने की प्रक्रिया प्रेसबायोपिया की ओर ले जाती है। समय के साथ आंखों का आंतरिक लेंस लचीला नहीं रहता है, जिससे नजदीकी वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। उम्र के साथ लेंस को नियंत्रित करने वाली मांसपेशियां कमजोर हो जाती है। यह अनुवांशिक भी हो सकती है। अगर आपके घर में माता-पिता या दादा- दादी कोप्रेसबायोपिया था तो आपको भी यह स्थिति होने की संभावना ज्यादा रहती है। डायबिटीज,उच्च रक्तचाप और दिल की बीमारी सहित कई स्वास्थ्य स्थितियों में भीप्रेसबायोपिया हो सकता है। आंखों की चोट के कारण भी लेंस को नियंत्रित करने वाले मांसपेशियों को नुकसान पहुंच सकता है,इससे भी प्रेसबायोपिया हो सकता है।

### चार प्रकार के चश्मे का उपयोग कर सकते है



**पढ़ने के चश्मे:** प्रेस्बायोपिया को ठीक करने के सबसे आम तरीकों में से एक चश्मा पढ़ रहा है। इन चश्मों में एक नुस्खा है जो छवि को बड़ा करने में मदद करता है, जिससे छोटे प्रिंट को पढ़ना आसान हो जाता है। स्थिति की गंभीरता के आधार पर पढ़ने के चश्मे को ओवर-द-काउंटर या आंखों के डॉक्टर द्वारा निर्धारित किया जा सकता है।

## राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन के मुकाबले में उतरने छत्तीसगढ़ की टीम तैयार

71वीं सीनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन और 44वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता प्रतियोगिता 24 सितंबर से 28 सितंबर 2025 तक डिंडीगुल तमिलनाडु में आयोजित की जा रही है। इन प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ की सीनियर व जूनियर टीम भी हिस्सा लेगी। छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव वाय राजा राव ने बताया कि यह प्रतियोगिता भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं तमिलनाडु बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है. इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की टीम में भाग ले रही है।

छत्तीसगढ़ टीम सीनियर टीम का कोचिंग कैंप भिलाई के बॉल बैडमिंटन खेल परिसर सेक्टर 4 में 15 सितंबर से 22 सितंबर तक, आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ से 14 पुरुष और 14 महिला खिलाड़ी शामिल थे। कोचिंग कैंप में शानदार प्रदर्शन करने वाले 10 पुरुष और 10 महिला खिलाड़ियों की सूची जारी की गई। यह प्रतियोगिता भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं तमिलनाडु बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों एवं पांच पब्लिक सेक्टर की टीमें में भाग ले रही है। इसी तरह छत्तीसगढ़ की सब जूनियर बालक एवं बालिका टीम का कोचिंग कैंप धमतरी के परखंदा में 18 सितंबर से 22 सितंबर तक आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ से 15 बालक और 15 बालिका खिलाड़ी शामिल थे। उसके बाद कोचिंग कैंप में शानदार प्रदर्शन करने वाले 10 बालक और 10 बालिका खिलाड़ियों की सूची जारी की गई।



## एफईआई चिल्ड्रन क्लासिक्स में छत्तीसगढ़ की घुड़सवार वेदिका ने जीता रजत

**रायपुर।** घुड़सवारी में छत्तीसगढ़ की युवा प्रतिभा ने एफईआई ब्रॉन्ज़ टूर इवेंट में शीर्ष 50 घुड़सवारों के बीच सटीकता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपनी चमक बिखेरी है। छत्तीसगढ़ की युवा घुड़सवार वेदिका शरण ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए बैंगलोर के एम्बेसी इंटरनेशनल राइडिंग स्कूल में आयोजित प्रतिष्ठित एफईआई चिल्ड्रन क्लासिक्स 2025 में रजत पदक जीता है। ब्रेगो एंड हेक्टर इक्वेसट्रियन मैनेजमेंट कंपनी के मार्गदर्शन में उभरते करियर में उनका यह शानदार प्रदर्शन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

उल्लेखनीय है कि एफईआई चिल्ड्रन क्लासिक्स एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय आयोजन है जहां दुनिया भर के प्रतिभाशाली युवा घुड़सवार जुटते है। इस वर्ष, इस प्रतिष्ठित श्रृंखला का एक हिस्सा, ब्रॉन्ज़ टूर, भारतीय घुड़सवारी प्रेमियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र रहा। भारत का प्रतिनिधित्व कर रही छत्तीसगढ़ की वेदिका शरण ने इस चुनौतीपूर्ण कोर्स को पार करते हुए असाधारण अनुशासन और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया, जो घोड़े और सवार दोनों की चपलता और संयम को दर्शाते हैं।

### एफईआई चिल्ड्रन क्लासिक्स का महत्व

फ़ेडरेशन इक्वेस्ट्रे इंटरनेशनेल (एफईआई) चिल्ड्रन क्लासिक्स वैश्विक घुड़सवारी कैलेंडर का एक अभिन्न अंग है, जिसे शो जंपिंग के खेल में युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह वार्षिक आयोजन उभरते घुड़सवारों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सर्किट में प्रदर्शन का एक मंच प्रदान करता है। यह भविष्य के चैंपियनों के लिए एक नर्सरी के तौर पर जाना जाता है। जहाँ उभरते हुए खिलाड़ी वरिष्ठतम प्रतिस्पर्धी स्तरों तक पहुँचते हैं, और कुछ तो ओलंपिक में अपने देशों का प्रतिनिधित्व भी करते हैं। इस श्रृंखला की विशेषता इसके कांस्य, रजत और स्वर्ण विभिन्न टूर हैं। जिनमें से प्रत्येक घुड़सवारों को उनकी विशेषज्ञता और अनुभव के स्तर के आधार पर तैयार किया जाता है। कई दशकों से चली आ रही एक प्रसिद्ध प्रतियोगिता के रूप में, चिल्ड्रन क्लासिक्स युवा प्रतिभाओं को सामने लाने और विभिन्न महाद्वीपों के घुड़सवार समुदायों के बीच अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है।

### सफलता का एक स्तंभ

वेदिका के पोडियम तक के सफ़र को ब्रेगो एंड हेक्टर इक्वेसट्रियन मैनेजमेंट की उनकी प्रबंधन टीम का भरपूर समर्थन मिला, जो युवा घुड़सवारों को प्रशिक्षित करने और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए जानी जाती है। उनके व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम, मनोवैज्ञानिक तैयारी सत्र और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा अभ्यासों ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।







































## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## आखिरी पोस्ट में जेम्स ने परिवार को लेकर लिखी थी ये बात, यूजर्स हैरान



ग्रैमी पुरस्कार विजेता गीतकार ब्रेट जेम्स के निधन पर उनके चाहने वाले उदास हैं। वह उनकी पोस्ट पर प्रतिक्रया दे रहे हैं। ग्रैमी पुरस्कार विजेता गीतकार ब्रेट जेम्स का हाल ही में विमान दुर्घटना में निधन हो गया। उनके निधन पर कई हस्तियों ने दुख जताया। अब ब्रेट जेम्स की आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट वायरल हो रही है। ब्रेट जेम्स की आखिरी पोस्ट में वे लोग शामिल थे जिन्हें वे सबसे ज्यादा प्यार करते थे। ब्रेट जेम्स ने 18 सितंबर को अपने निधन से पहले अपने परिवार के साथ यादें साझा की थीं। 16 जून को उन्होंने अपने परिवार के लोगों के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की। उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा 'क्या शानदार फादर्स डे है!!' ब्रेट जेम्स की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'इस मुश्किल घड़ी में मैं लोगों को प्यार भेज रहा हूं। गीतों के सहारे ब्रेट की यादें ताजा रहेंगी।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'मैं प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर आपको स्वर्ग दे। आपकी पत्नी और बच्चों को सब्र दे।' एक और यूजर ने लिखा है 'जिंदगी का कोई भरोसा नहीं। हर दिन ऐसे जिएं जैसे यह आखिरी हो। श्रद्धांजलि।' जेम्स को साल 2020 में नैशविले सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। इस संगठन ने फेसबुक पोस्ट में उन्हें संगीत के महानतम कलाकारों में से एक के रूप में याद किया। अमेरिकन सोसाइटी ऑफ कम्पोजर्स, ऑथर्स एंड पब्लिशर्स (एएससीएपी) ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए लिखा 'ब्रेट देश के महानतम कलाकारों के एक सहयोगी और अपने साथी गीतकारों के सच्चे पैरोकार थे। ब्रेट, आपका एएससीएपी परिवार आपको बहुत याद करता है। आपके संगीत के लिए धन्यवाद।' ब्रेट जेम्स का जन्म 5 जून 1968 को कोलंबिया, मिसौरी में हुआ था। उन्होंने मेडिसिन की पढ़ाई की। संगीत के प्रति अपने जुनून को पूरा करने के लिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी। उन्होंने अरिस्टा नैशविले के करियर रिकॉर्ड्स के तहत अपना पहला एल्बम रिलीज किया। वर्षों बाद वह नैशविले के सबसे सम्मानित गीतकारों में से एक बन गए। उन्होंने 'जीसस, टेक द व्हील', 'काउबॉय कैसानोवा', 'व्हेन द सन गोज डाउन' और 'आउट लास्ट नाइट' जैसे गाने लिखे।

### टॉलीवुड

## ममूटी ने मोहनलाल को दी बधाई, बोले- 'आप सचमुच इस ताज के हकदार हैं'



मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की खबर से सेलेब्स बेहद उत्साहित हैं। शनिवार 20 सितंबर की शाम सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की तरफ से घोषणा की गई थी कि मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस खुशखबरी के आते ही सेलेब्स की प्रतिक्रियाएं आना शुरू हो गई। अभिनेता के दोस्त ममूटी ने भी बधाई दी है। ममूटी ने कहा- आप सचमुच इस ताज के हकदार हैं साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के दोस्त और अभिनेता ममूटी ने अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा, लाल, मुझे आप पर बहुत खुशी और गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स अकाउंट पर मोहनलाल को दादासाहेब पुरस्कार मिलने पर बधाई दी है। उन्होंने लिखा, 'वे मलयालम सिनेमा और रंगमंच के अग्रणी प्रकाश स्तंभ हैं और केरल की संस्कृति के प्रति अत्यंत समर्पित हैं।'

### भोजपुरी

## 'मैंने उनको धोखा दिया है तो...', काजल ने खेसारी संग अफेयर पर तोड़ी चुप्पी



भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी का खेसारी लाल यादव के साथ अफेयर था। हालांकि बाद में ब्रेकअप हो गया। अब एक्ट्रेस ने धोखा देने वाले आरोपों पर रिएक्ट किया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में काफी कुछ कहा है। भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी काफी पॉप्युलर हैं। इनका नाम एक वक्त खेसारी लाल यादव के साथ जुड़ा था। उस समय एक्टर दो बच्चों के पिता और शादीशुदा भी थे। लेकिन फिर भी इनका अफेयर था। लेकिन जब ब्रेकअप हुआ तो इन दोनों ने एक-दूसरे की भद पीटने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि काजल ने एक्टर को धोखा दिया था। और अब इन सभी आरोपों पर एक्ट्रेस ने अपना पक्ष रखा है। काजल राघवानी ने खेसारी लाल यादव संग अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि खेसारी ने जो भी धोखा देने वाली बात कही है, वो गलत है। एक्ट्रेस ने सवाल पूछा कि क्या एक्टर उनसे शादी करने वाले थे। 'खेसारी जी ने जो वर्ड होला है कि मैंने उनको धोखा दिया है तो क्या मुझसे वो शादी करने वाले थे? उनसे पूछिए। उसके बाद से जो ट्रोल करना स्टार्ट किया, उसके बाद से मुझे गाली-गलौज, गालियां दिलवाना स्टार्ट किया और मैं बिहार से नहीं हूं, मैं गुजराती हूं।'

काजल ने आगे कहा, 'और मेरी कर्मभूमि है ये। और मैंने अपना करियर बहुत मेहनत से बनाया। और मुझे धमकाया गया उस टाइम मतलब। तीन-चार साल पुरानी बात है। तब फिर बाद में करियर है और फैमिली चलाना है। सबको सपोर्ट मेरा ही एक है। तो उस टाइम शायद मैं दब गई। डर के दब गई। क्योंकि मेरा कोई सपोर्टर यहां पर नहीं था।'




स्टाइल आइकन

फैशन स्टाइल और खेल की दुनिया में अच्छा तालमेल है। इसलिए एथलेटिक्स और फ़ैशन के आपसी गर्मजोशी भरे रिश्ते से इनकार नहीं किया जा सकता। 'वोग' ने हाल ही में स्टाइल आइकन के तौर पर खेल सितारों के बढ़ते समूह को प्रमुखता दी है। ट्रेंड के मामले में हमेशा अग्रणी रहने वाली मिउ मिउ ने अपने विशिष्ट प्रीपी परिधानों के साथ स्विशी विंडब्रेकर्स और गॉर्पकोर सैंडल दिखाए, जबकि बोट्टेगा वेनेटा और द रो में, एनोरक और बॉम्बर्स पारंपरिक टेलरिंग के पूरक थे।

## वैक्सिंग की जलन से राहत के लिए करें उपाय



शरीर की बाहरी त्वचा को और ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए वैक्सिंग एक आसान और सरल उपाय है। इसके इस्तेमाल से शरीर के अनचाहे बाल हट जाते हैं और त्वचा काफी साफ और सुंदर दिखने लगती है लेकिन कई बार ये देखा जाता है कि वैक्सिंग की वजह से लोगों के शरीर पर कई तरह की परेशानियां सामने आने लगती हैं। नारियल के तेल में फेनोलिक एसिड और पॉलीफेनॉल जैसे एंटीबैक्टीरियल तत्व पाए जाते हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल करके त्वचा पर हो रही खुजली और दानों से राहत पा सकते हैं। त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम एलोवेरा काफी अच्छे से करता है। ऐसे में अगर वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा पर किसी तरह की जलन हो रही है तो आप एलोवेरा का इस्तेमाल स्किन पर कर सकते हैं। वैक्सिंग के बाद जब स्किन पर लाल चकत्ते पड़ जाते हैं तो ऑलिव ऑयल इस परेशानी से राहत दिलाता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस एक चम्मच ऑलिव ऑयल में 2-3 बूंदें टी ट्री ऑयल मिलाकर अपनी त्वचा पर लगाना है। कच्चा दूध शरीर पर होने वाली जलन से काफी राहत पहुंचाता है। अगर वैक्सिंग के बाद त्वचा पर जलन हो रही है तो आप प्रभावित जगहों पर कच्चा दूध लगा सकते हैं। त्वचा पर होने वाली खुजली और रैशेज से राहत पाने के लिए आप बर्फ का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे किसी सूती कपड़े में लपेट कर ही इस्तेमाल करें, वरना त्वचा पर परेशानी ज्यादा बढ़ सकती है। इन उपायो में प्रभावित जगह को कम से कम 20 मिनट तक ठंडे पानी से धोएं या ठंडी सिकाई करें। अगर सीधे ठंडा पानी नहीं लगा सकते तो ठंडे पानी में भिगोया हुआ मुलायम कपड़ा भी इस्तेमाल कर सकते हैं। एलोवेरा जेल त्वचा को ठंडक देता है और जलन कम करता है, इसलिए इसे लगाएं। अगर जलन ज्यादा है तो कॉर्टिसोन क्रीम भी मदद कर सकती है। तंग कपड़े पहनने से बचें ताकि त्वचा को हवा मिल सके और जलन कम हो। प्रभावित जगह को हल्के साबुन और पानी से धीरे-धीरे धोएं और थपथपाकर सुखाएं। डॉक्टर की सलाह पर एंटीसेप्टिक क्रीम लगा सकते हैं. अच्छी क्वालिटी का, सुगंध रहित मॉइस्चराइजर लगाएं ताकि त्वचा को नमी मिले। अगर जले हुए हिस्से से पस निकल रहा हो या घाव 1 हफ़्ते बाद भी ठीक न हो रहा हो. अगर जलन बहुत ज्यादा हो रही हो और राहत न मिल रही हो तो डॉक्टर को जरूर दिखाएं।

## दुल्हन की मेकअप किट में जरूर होने चाहिए ये ब्यूटी प्रोडक्ट



हर लड़की के लिए उनकी शादी का दिन काफी अहम होता है। शादी की तारीख पक्की होने के बाद से ही तैयारियां शुरू हो जाती हैं। नए घर में जाने से पहले हर लड़की अपने बैग्स तैयार करती है। इसमें उनके कपड़ों से लेकर मेकअप प्रोडक्ट्स तक शामिल होते हैं। अब चूंकि नवरात्रि के बाद जल्द ही शुभ विवाह के मुहूर्त आने वाले हैं, वहीं इसके पहले भी अन्य समुदायों में विवाह के आयोजन शुरू हो चुके हैं। ऐसे आपको कुछ ऐसे मेकअप प्रोडक्ट्स के बारे में जानना चाहिए, जो हर किसी होने वाली दुल्हन के बैग में होना बेहद जरूरी है। दरअसल, हर लड़की के लिए उसका मेकअप काफी जरूरी होता है। खासकर जब किसी लड़की की शादी होती है तो उसकी जिंदगी में काफी बदलाव होते हैं और मेकअप करने से लड़कियों का आत्मविश्वास बढ़ जाता है। चाहे बात हो लिपस्टिक की या फिर फाउंडेशन की, हर होने वाली दुल्हन को अपनी शादी से पहले इस तरह के प्रोडक्ट को खरीद कर अपने पास रख लेना चाहिए। अगर आपकी भी जल्द ही शादी होने वाली है तो अपनी मेकअप किट में इन प्रोडक्ट्स को जरूर शामिल करें।





**प्राइमर:** हर होने वाली दुल्हन को अपने मेकअप किट में प्राइमर शामिल कर लेना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि शादी के वक्त कई बार मेकअप होता है। ऐसे में प्राइमर आपकी त्वचा को सुरक्षित रखता है।

**लंबे समय तक चलने वाला फाउंडेशन:** अपनी स्किन के हिसाब से फाउंडेशन खरीद लें। फाउंडेशन खरीदते वक्त ये ध्यान रखें कि ये अच्छे क्वालिटी का हो। अगर इसकी क्वालिटी खराब होगी तो इसका असर आपके चेहरे पर दिखाई दे सकता है।

**कंसीलर:** शादी की भागदौड़ में चेहरे पर परेशानियां सामने आने लगती हैं। इन परेशानियों को कंसीलर इस्तेमाल करके छिपाया जा सकता है। ऐसे में अपने बैग में कंसीलर जरूर शामिल करें।

**ब्लश:** हर दुल्हन शादी की भागदौड़ में काफी थक जाती है। इसी के चलते अपने चेहरे की लालिमा बरकरार रखने के लिए ब्लश जरूर शामिल करें।

## नवरात्र में खूबसूरत दिखना है तो श्रृंगार में इन्हें जरूर शामिल करें



नवरात्र पर्व शुरू हो चुका है और हर साल की तरह इस साल भी नवरात्र पर्व के लिए महिलाओं ने काफी तैयारियां कर ली हैं। शक्ति के इस पर्व में बाजारों में इसकी धूम दिखाई देने लगी है। महिलाएं ऐसे मौके पर खूबसूरत दिखने के लिए नए कपड़े से लेकर आभूषण तक खरीद रही हैं।

**लाल या हरी साड़ी:** आप अपने लुक में चार चांद लगाने के लिए सबसे पहले लाल या हरे रंग की साड़ी पहन सकती हैं। पूजा के समय के लिए इन रंगों की साड़ी सबसे अहम होती है। इसे पहनकर महिलाएं और भी ज्यादा खूबसूरत दिखने लगती हैं।

**मंगलसूत्र:** अपने लुक को पूरा करने के लिए मंगलसूत्र को जरूर शामिल करें। ये हर विवाहित महिला का सबसे अहम गहना होता है।

**चूड़ा:** अगर आपके पास आपकी शादी का अगर चूड़ा रखा है तो उसे पहनें। ये आपके खूबसूरती में चार चांद लगाने में मदद करेगा।

**मांगटीका:** आप चाहे सूट पहनें या साड़ी, मांगटीका हर आउटफिट के साथ कमाल का लगता है। इससे आपका एथनिक लुक और ज्यादा निखर कर सामने आता है।

**गजरा:** हर एथनिक लुक के साथ गजरा बेहद खूबसूरत दिखता है। चाहे आप चोटी बनाएं या फिर जूड़ा बनाएं, दोनों के साथ गजरा बेहद कमाल का लगता है।

**कमरबंद:** लहंगा और साड़ी के साथ कमरबंद देखने में खूबसूरत लगता है। अगर आपके पास हैवी का कमरबंद नहीं है तो हल्का सा नग जड़ा हुआ कमरबंद भी आप पहन सकती हैं।

## सफेद बालों को छुपाने के लिए घर पर ही करें उपाय, चंद दिनों में दिखेगा असर



असमय बालों को सफेद होने से बचाने के लिए और सफेद बालों को छुपाने के लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया जाता है। बालों की देखभाल करने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की कोई आवश्यकता नहीं है। बालों का सफेद होना अब आम बात हो गई है, यही वजह है कि हम अपने बालों पर कई तरह के एक्सपेरिमेंट करते हैं। कुछ एक्सपेरिमेंट्स हमने अपनी नानी और दादी से सुने होते हैं, जिनका इस्तेमाल सदियों से किया जा रहा है। जब हमें शुरुआत में ही कुछ बाल सफेद नजर आना शुरू हो जाते हैं, तो उनकी एक्सट्रा केयर करना जरूरी हो जाता है।

बाजार में बालों को रंगने के लिए कलर्स में ढेरों विकल्प मौजूद हैं, लेकिन हेयर कलर्स से आपको इंस्टेंट सफेद बालों से छुटकारा मिल जाता है। मगर इसमें मौजूद केमिकल की वजह से बालों पर बुरा असर भी पड़ता है, ऐसे में जरूरी है नेचुरल चीजों का इस्तेमाल किया जाए। इसका उपयोग सदियों से किया जा रहा है। बालों को छुपाने के लिए पहले टेंपरेरी मास्क बनाते हैं। यह मास्क आपके पूरे बालों को तो नहीं छुपाएगा, मगर काफी फर्क पड़ेगा।

सबसे पहले एक बाउल में सभी सामग्रियों को इकट्ठा कर लें और फिर हिना पाउडर, दही, पानी और कॉफी को डालकर अच्छी तरह से मिला लें। 5 मिनट बाद यह मास्क बालों पर लगाने के लिए तैयार है। इसे लगाने के लिए बालों को गिला करने की कोई जरूरत नहीं है। सीधा रूखे बालों पर लगाएं और 2 घंटे के लिए छोड़ दें। फिर नॉर्मल पानी से बालों को धो लें।

कार्नर न्यूज

### कई रोगों और मानसिक तनाव से बचाने में भी मिलती है मदद

## रूप ही नहीं, सेहत को भी निखारे चांदी के जेवर, मिलेगी लोगों की भरपूर तारीफ

चांदी को पवित्र धातु माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि चांदी की ज्वेलरी पहनने से मानसिक शांति मिलती है और शरीर हेल्दी रहता है। ये भावनाओं को कंट्रोल करने के साथ धैर्य लाने में भी मदद करती हैं। इतना ही नहीं, इससे इम्यून सिस्टम में भी मजबूत आती है। यह हमारे शरीर के लिए कैसे फायदेमंद हो सकती हैं? इसकी जानकारी सर्टिफाइड योग इंस्ट्रक्टर ग्रीशा ने शेयर की है।

एक्सपर्ट का कहना है, "कई लोगों के मन में यह सवाल होता है कि चांदी के ज्वेलरी क्यों पहननी चाहिए। तो मैं आपको बता दूं कि चांदी का चंद्र ऊर्जा से जुड़ाव होता है, जो फेमिनिन एनर्जी से भी जुड़ा है। यह शरीर की 'चंद्र' नाड़ी को एक्टिव करता है।"



### त्वचा होती है सुंदर

चांदी में एंटी-एजिंग गुण पाए जाते हैं, जो त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार करते हैं और फाइन लाइन्स और झुर्रियों को कम करते हैं। साथ ही, चांदी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल गुण होते हैं, जो त्वचा की सतह पर हानिकारक बैक्टीरिया की ग्रोथ को रोकने में मदद करते हैं। इसके अलावा, यह त्वचा को शांत करके सूजन और रेडनेस को कम करती है।

### कोल्ड और फ्लू से बचाव

चांदी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया और वायरस से छुटकारा दिलाते हैं। इसलिए महिलाएं खुद को कोल्ड, फ्लू या हानिकारक वायरस और बैक्टीरिया जैसे इंफेक्शन से बचाने के लिए इसे पहन सकती हैं।

### हीलिंग को देती है बढ़ावा

सदियों से चांदी का इस्तेमाल घावों को भरने के लिएनेचुरल ट्रीटमेंट के रूप में किया जा रहा है। चांदी की ज्वेलरी पहनने से घाव तेजी भरते हैं और दाग-धब्बे कम होते हैं।

### दर्द से राहत

दर्द से राहत पाने के लिए चांदी का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में किया जाता है। इस धातु में शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं। चांदी की ज्वेलरी पहनने से जोड़ों में दर्द और अकड़न कम होती है।

### शरीर का टेम्प्रेचर रहता है कंट्रोल

चांदी हीट और इलेक्ट्रिसिटी का कंडक्टर होती है। इसलिए चांदी की ज्वेलरी पहनने से शरीर का टेम्पेचर कंट्रोल में रहता है। साथ ही, यह अपने कूलिंग गुणों के कारण आपको गर्म मौसम में ठंडा महसूस कराती हैं।

